26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 2 सितम्बर, 2026

अंक- 309 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# नेपाल में जगह- जगह लगे लाशों के ढेर

काठमांडु (एजेंसी/चिंगारी)। नेपाल में आई बाढ़ ने वहां ऐसे हालात बना दिए हैं, जिसे देख कलेजा मुंह को आ जाए. नेपाल के बाढ़ प्रभावित कुछ क्षेत्रों में, सैकड़ों अज्ञात शवों को दफना दिया गया है। क्योंकि वे सड़ रहे हैं और अस्पतालों या मुर्दाघरों में बॉडी रखने की जगह नहीं बची है। ऐसे अस्पताल और अस्थायी फैसिलिटी सेंटर के बाहर वैसे लोगों की भीड़ कई दिनों से डटी है, जो अपनों की तलाश में यहां पहुंचे हुए हैं। नेपाल के आपदाग्रस्त जिले चितवन में मृतकों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने वाली कई सुविधाओं में से एक की देखरेख कर रहे इंस्पेक्टर अनिल थापा ने बताया कि शव तेजी से सड़ रहे हैं। यही वजह है कि कई सारे बॉडी को दफना दिया गया। हालांकि, दफनाने से पहले इसके डीएनए सैंपल ले लिए गए हैं। ताकि, शव खोजने आने वाले उनके रिश्तेदारों के डीएनए से मिलान कर उन्हें अवशेष निकालकर सौंपे जा सके। थापा ने बताया कि अब तक हमने जितने शव बरामद किए हैं, उनमें से आधे से अधिक की पहचान करना असंभव है। कई शवों के चेहरे दिखाई नहीं दे रहे हैं।



## ऐसे अपनों को पहचानने की कोशिश कर रहे लोग

एक हॉल के बाहर सैकड़ों लोग दिन-रात जमा रहते हैं। यहां एक स्क्रीन पर बरामद शवों की तस्वीरें और उनसे संबंधित बरामद समानों को एक वीडियो में दिखाया जाता है। ताकि उनकी पहचान की जा सके। भीड़ में कई लोगों के पास बैग और सामान है। इससे पता चलता है कि वे दूर-दराज के इलाकों से आए हैं। कई परिवारों ने बताया कि वे एक दिन पहले ही आ गए थे लेकिन फिर भी उन्हें हॉल के अंदर जाने की परमिशन नहीं दी गई थी। पास ही में, एक पुराने एक मंजिला मकान को शवों के लिए एक अस्थायी स्टोर फैसिलिटी बना दिया गया है। यहां वैसे शवों को रखा जा रहा है, जिनकी पहचान की जानी बाकी है। चितवन में इसी इमारत के बाहर तीन तंबू लगे हैं। इनमें नेपाल रेड क्रॉस का हेल्प डेस्क और पुलिस रजिस्ट्रेशन केंद्र शामिल हैं। डेस्क के नीचे अगरबत्ती जलती रहती है। ताकि, सड़ रही बॉडी की दुर्गंध से राहत मिल सके। नेपाल की लापता लोगों की सूची में 592 विदेशी नागरिक शामिल हैं। इनमें पर्वतारोहण के लिए आए पर्यटक और कैलाश पर्वत की यात्रा पर आए तीर्थयात्री भी शामिल हैं। ये विदेशी नागरिक भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों से आए थे।

# ईरान में शादी के जश्न पर बरसीं अमेरिकी मिसाइलें

## चार साल के बच्चे समेत पांच की मौत



तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)। ईरान के सिरिक इलाके में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब अमेरिकी हवाई हमले की चपेट में यह कार्यक्रम आ गया। ईरानी अधिकारियों और सरकारी मीडिया के मुताबिक, हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों में चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, 50 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास स्थित तटीय क्षेत्र में हुई। ईरानी अधिकारियों ने इसे युद्ध के दौरान नागरिकों के लिए सबसे गंभीर घटनाओं में से एक बताया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई को इससे पहले हुई घटनाओं से अलग करके नहीं देखा जा सकता। प्रवक्ता ने विशेष रूप से मिनाब में एक स्कूल पर हुए हवाई हमले का उल्लेख किया, जिसमें ईरानी अधिकारियों के अनुसार युद्ध के पहले दिन एक बालिका विद्यालय में 160 लोगों की जान गई थी। मिनाब की घटना को लेकर अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से अभी तक आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

### यूपी के साढ़े तीन लाख आउटसोर्स कर्मचारियों को मिली सौगात

## सैलरी में सात हजार रुपये तक की बढ़ोतरी

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी के साढ़े तीन लाख आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रदेश की योगी सरकार ने सौगात दी है। आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी में 7 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम की वेबसाइट लॉन्च करने के साथ ही इसका लोगो लॉन्च किया और आउटसोर्स कर्मचारियों को चेक भी बांटे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। कर्मचारियों को 50 लाख रुपये तक का बीमा कवर, आकस्मिक दवा के लिए 5 लाख और एयर एंबुलेंस के लिए 10 लाख रुपये की सहायता भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीकोस) के लोगो का अनावरण किया। इस दौरान निगम की वेबसाइट और पोर्टल भी लॉन्च किया गया। यूपीकोस के जरिये प्रदेश के विभिन्न विभागों में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का एकीकृत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। अभी कर्मचारियों से जुड़ी जानकारी अलग-अलग विभागों और आउटसोर्स एजेंसियों के स्तर पर रखी जाती है।




## मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





### डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

### डा. अर्सलान अय्यूब



M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



## खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

**कोर्सेस के नाम:**

ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

**छात्रों के लिए विशेष लाभ:**

- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

**जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!**

आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ। ✍

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

# साहनपुर में पेप्सी की एजेंसी का गल्ला तोड़कर लाखों की चोरी से हड़कंप

## पुलिस ने शक के आधार पर कई को हिरासत में लिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा साहनपुर में कल दिन दहाड़े मुख्य बाजार में पेप्सी की एजेंसी का गल्ला तोड़कर 2.34 लाख रूपए की चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शक के आधार पर पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में ले लिया। साहनपुर के मौहल्ला हकीमान में स्थित अफीफ इंटरप्राइजेज के स्वामी इम्तियाज अहमद मंगलवार को दोपहर एजेंसी का शटर बंदकर घर खाना खाने गये थे। जब वह कुछ समय बाद खाना खाकर लौटे तो एजेंसी का शटर खुला हुआ था तथा गल्ले का ताला टूटा हुआ मिला। गल्ले में रखी दो लाख 34 हजार रूपए की नकदी गायब मिली। एजेंसी कस्बे के मुख्य बाजार से लगी हुई है। मुख्य बाजार में दिन के समय लाखों की चोरी पर लोगों ने चिंता जताई। पीड़ित ने घटना की सूचना तुरंत साहनपुर चौकी पर दी। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज कुलदीप सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर चोरों तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया। पुलिस चोरी की घटना पता लगाने के लिए कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। साहनपुर पुलिस चौकी इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध व लापरवाही की लग रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्दी ही खुलासा किया जाएगा।

## दिव्यांग युवक के साथ कुकर्म का आरोप, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दिव्यांग युवक के साथ कुकर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी निवासी तसलीम पुत्र अली ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 29 अगस्त को गांव का ही युवक शादमान उर्फ सद्दू उनके दिव्यांग पुत्र नजीम को बाइक पर बैठाकर गांव बड़िया की ओर ईख के खेत में ले गया। आरोप है कि वहां शादमान ने नजीम के साथ कुकर्म कर मारपीट भी की। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि आरोपी ने घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर लौटने के बाद नजीम ने अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने थाना नजीबाबाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित के पिता का आरोप है कि पुलिस ने मामले में संगीन धाराओं की जगह हल्की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामूली कार्रवाई की। जबकि आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पीड़ित परिवार को धमकिया दे रहा है। पीड़ित परिवार ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उचित एवं गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने तथा आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। एसपी ने पीड़ित परिवार को मामले की जांच कराकर तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

## स्कूल में रात को गुलदार देखा जाने से बच्चों में भय का माहौल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ के कम्पोजिट स्कूल में रात को गुलदार देखे जाने व सवेरे विद्यालय में उसके पंजों के निशान मिलने से बच्चों में दहशत का माहौल है। इस घटना को लेकर अभिभावकों में भी चिन्ता व्याप्त है। घटना की सूचना वन रेंज अधिकारी राजगढ़ को दी गयी है। उन्होंने स्कूल में पिन्जरा लगाने की बात कही है। दूसरी ओर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजमोहन ने शिक्षकों को एवं बच्चों को अपनी सुरक्षा का ध्यान रखने तथा ग्राम प्रधान भवानी सिंह से सारे मामले पर नजर बनाये रखने को कहा है। स्कूल में गुलदार देखे जाने की घटना के बाद से गांव में डर का माहौल पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने वनविभाग से सुरक्षा कराने की मांग की है।**

## सूचना

मेरी पुत्री मुस्कान ने परिवार की बिना मर्जी से अरूण कुमार पुत्र नामालूम के साथ कोर्ट मैरिज कर ली है। परिवार के सभी सदस्यों के समझाने पर भी नहीं मानती। इसलिए मैने अपनी पुत्री मुस्कान को 2-9-2026 को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरी व मेरे परिवार की इसके किसी भी लेनदेन व कृत्यों की जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-रवि कुमार शर्मा पुत्र श्री धर्म सिंह, निवासी ग्राम गांगूवाला तहसील , नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

SPECIAL OFFER FOR THIS MONTH
LIMITED TIME OFFER!
ROZ SHAM 4:00 PM - 6:00 PM
FREE TRIAL STUDY!
Aaiye, pehle mai aai dekhiye, phir seat book kijiye.
YE SPECIAL OFFER SIRF IS MONTH KE LIYE HAI.
MAUQA NA CHHODIYE, ABHI VISIT KARIYE!
SUNRISE STUDY HUB
Your Success Starts Here
BEHTAR MAHAUL, BEHTAR TAYARI, BEHTAR KAL




HIGH-SPEED WI-FI | SOLAR POWER BACKUP | BOOKS COLLECTION | CCTV SURVEILLANCE
HAMARI FACILITIES
SILENT & PEACEFUL ENVIRONMENT | COMFORTABLE FURNITURE | CLEAN WASHROOM | DRINKING WATER
CHAI & MAGGI AVAILABLE | BOOKS COLLECTION FOR COMPETITIVE EXAMS (UPSC, BPSC, BANKING, RAILWAY, NEET, CUET, UGC NET & MORE) | SAFE & POSITIVE ATMOSPHERE
OPEN STUDY AREA ₹599 /MONTH Best for serious learners
PERSONAL CABIN ₹799 /MONTH More privacy, more focus
CALL NOW TO BOOK YOUR SEAT 7060150481
ROADWAYS KE PICHE, HARSHWADA, NAJIBABAD

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

एनडीए प्रत्याशी को ईमानदारी से चुनाव लड़ायेंगे रालोद कार्यकर्ता- त्यागी ( पेज 11 )



# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व जाहर दीवान नवमी पर 4 सितंबर को लगेगा जाहर दीवान का मेला

**खासपुरा ( चिंगारी )। श्री कृष्ण जन्माष्टमी व जाहर दीवान नवमी के पावन अवसर पर 4 सितंबर को जाहर दीवान मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे और जाहर दीवान महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।**

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर कमेटी की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने सहित आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मोनू वर्मा ने बताया कि सभी भक्तजनों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कमेटी की ओर से बेहतर बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मेले में शांतिपूर्वक आने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।



वहीं, 5 सितंबर को जाहर दीवान मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से प्रसाद चढ़ाया जाएगा। इस दौरान मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। मेले को लेकर मंदिर कमेटी व सेवादार तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। उधर, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। पैजानिया चौकी इंचार्ज गौरव तोमर ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। भीड़ को देखते हुए पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे।




# गौसपुर में फिर होने लगा भूमि कटान

**नांगल सोती ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम गौसपुर के जंगल में एक बार फिर भूमि कटान हो रहा है। कई किसानों की गन्ने की फसल भूमि के साथ-साथ गंगा में समा रही है।**

नांगल क्षेत्र का ग्राम गौसपुर गंगा के एकदम किनारे बसा हुआ है। 2013 में आई केदारनाथ की आपदा के समय से गांव की कृषि भूमि का भारी कटान शुरू हुआ था। हर साल बरसात में गांव के किसानों की काफी कृषि भूमि गंगा में समा जाती थी। गांव के अस्तित्व पर भी गंभीर संकट मंडराने लगा था। गांव के अंतिम छोर से गंगा की धारा की दूरी करीब 150 मीटर ही रह गई थी। ग्रामीणों द्वारा किये गये लंबे संघर्ष के बाद वित्तीय स्वीकृति मिलने पर अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर द्वारा वर्ष 2023 में गांव के सामने बोल्डर स्टड लगाये गये थे, जिससे भूमि कटान रुक गया था। मगर गांव से दक्षिण दिशा की ओर एक बार फिर भूमि कटान हो रहा है। खेतों में किसानों की गन्ने की फसल खड़ी है, जो भूमि के साथ-साथ गंगा में समा रही है। किसानों की मांग है कि सामने लगाये गये बोल्डर स्टड की भांति दक्षिण दिशा की ओर भी बोल्डर स्टड लगवाये जायें।


गंगा के भूमि कटान की भेंट चढ़ती कृषि भूमि और गन्ने की फसल

# महंत राजूदास के विरुद्ध अमर्यादित पोस्ट के विरोध में दिया ज्ञापन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी अयोध्या जी धाम के महंत राजूदास महाराज के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही अमर्यादित एवं आपत्तिजनक पोस्टों के विरोध में मंगलवार को किरतपुर ब्लॉक के अध्यक्ष देवेंद्र सैनी के नेतृत्व में थाना प्रभारी किरतपुर को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में राकेश कुमार, शिवा कुमार, ऋषिपाल सिंह, मांगेराम, डॉक्टर पप्पू सिंह, अंकुर गिरि, राजीव चौहान, आशीष कुमार, अंकित शर्मा, विकास कुमार, विशाल सैनी, शिवा सैनी, लवी गिरि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरे पुत्र का नाम ASHU था, जो मैंने अब बदलकर उसका नाम ROHIT TOMAR रख लिया है। अत: अब मेरे पुत्र को ROHIT TOMAR के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये। **-राजकुमार पुत्र ओमपाल सिंह निवासी ग्राम हिरनाखेरी, पोस्ट इमलिया तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर**




★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।
★5000 तक के बेनिफिट
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## शिक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह

युवाओं विशेषकर छात्रों में कितना आक्रोश है, जेन ज़ी के आंदोलन से यह सिद्ध हो चुका है। इसके बावजूद सिस्टम में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। सरकार का प्रयास युवाओं को येन केन प्रकारेण शांत करना है। समस्या की जड़ पर काम नहीं किया जा रहा। शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति को लेकर तमाम तरह के सवाल पहले से ही उठाये जा रहे हैं। सरकार की सोच ऐसी है कि शिक्षा का बजट ही आधा कर दिया गया है। शिक्षा के बाजारीकरण को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिससे निम्न व मध्यम वर्ग के बच्चों के लिये शिक्षा हासिल करना बहुत टेढ़ी खीर होता जा रहा है। देश में स्नातक पाठयक्रमों में छात्रों के दाखिले में भारी गिरावट आई है। यह स्थिति अंततः युवाओं को अभाव और वंचना की ओर धकेलने वाले एक सुनियोजित मार्ग का संकेत देती है। नामांकित और गैर-नामांकित, दोनों प्रकार के छात्रों को स्तब्ध करने वाले बजट कटौती के परिणाम अत्यंत विनाशकारी रहे हैं। अपनी सभी उम्मीदें खोकर, छात्र अन्य शारीरिक या मानसिक व्यवसायों की ओर रुख करने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनकी नाजुक किशोरावस्था खतरे में पड़ रही है। सार्वजनिक शिक्षा से सरकार के सोच-समझकर पीछे हटने के कारण उन्हें क्रूरतापूर्वक अज्ञानता की दुनिया में धकेला जा रहा है। स्कूलों के कुल शिक्षा बजट में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है, जबकि उच्च शिक्षा का बजट 33 प्रतिशत तक घटाया गया है। हजारों सरकारी स्कूल बंद कर दिये गये हैं और उनके स्थान पर 43 हजार निजी स्कूल खोल दिये गये हैं। इनका मुख्य उद्देश्य केवल पैसा निचोड़ना है। आज बच्चे घोर निराशा से जूझ रहे हैं, वे अपने भविष्य की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं और अपनी आशावादिता खो रहे हैं। शिक्षा प्रणाली को कमजोर करने की साजिश की गई है, जिसने युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को और अधिक क्षीण कर दिया है।

# डोभाल की कूटनीति और भारत-चीन संबंधों की नई करवट

**भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई।**

भारत और चीन के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों की तल्खी के बाद अब संवाद, संयम और व्यावहारिक सहयोग का एक नया दौर दिखाई दे रहा है। इसे किसी अचानक आए परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि सुरक्षा, कूटनीति और राष्ट्रीय हितों को साथ लेकर चलने वाली एक दीर्घकालिक प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। इस बदलते परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनकर सामने आई है। 25 अगस्त को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई 25वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता ने इस प्रक्रिया को ठोस आधार दिया है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने, सीमा निर्धारण की दिशा में शीघ्र एवं सार्थक प्रगति करने तथा सैन्य-द्विपक्षीय संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनाई है। डोभाल की बीजिंग यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह केवल सीमा विवाद पर बातचीत नहीं थी। यह उस व्यापक प्रश्न पर विमर्श था कि क्या भारत और चीन प्रतिस्पर्धा के बावजूद सह-अस्तित्व, स्थिरता और पारस्परिक हितों का रास्ता तलाश सकते हैं। दोनों देशों ने दो अतिरिक्त सैन्य संपर्क-बिंदु और पूर्वी तथा मध्य क्षेत्रों में दो अतिरिक्त सैन्य दूरभाष संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। सीमा व्यापार, कैलाश-मानसरोवर यात्रा और सीमा-पार सहयोग को भी आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ है। अजीत डोभाल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे सुरक्षा और कूटनीति को परस्पर विरोधी नहीं मानते। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है-मजबूत सुरक्षा-व्यवस्था ही प्रभावी कूटनीति की आधारभूमि बन सकती है। चीन के संदर्भ में भी भारत का संदेश यही रहा है कि सीमा पर शांति और स्थिरता के बिना द्विपक्षीय संबंधों का पूर्ण सामान्यीकरण संभव नहीं है। 25 वें दौर की वार्ता में यही भारतीय दृष्टिकोण प्रमुखता से सामने आया। डोभाल का व्यक्तित्व केवल वार्ताकार का नहीं, बल्कि सुरक्षा रणनीतिकार का है। वे लंबे समय तक खुफिया तंत्र में रहे, विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में काम किया और बाद में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख बने। भारत सरकार के अनुसार, उन्होंने पूर्वोत्तर, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर,



पंजाब और पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षा मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। उनकी कार्यशैली में एक उल्लेखनीय संतुलन दिखाई देता है-जहां आवश्यक हो वहां कठोरता और जहां अवसर हो वहां संवाद। उड़ी के बाद की सर्जिकल कार्रवाई, बालाकोट की कार्रवाई, डोकलाम संकट के दौरान कूटनीतिक प्रयास और आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका इसी व्यापक दृष्टिकोण के उदाहरण माने जाते हैं। 2026 में उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनके योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। उसी वर्ष कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात में दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति तथा मतभेदों को संबंधों की समग्र दिशा को प्रभावित न करने देने पर जोर दिया था। यही वह बिंदु था जहां डोभाल की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई। दिसंबर 2024 में विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत से शुरू हुई प्रक्रिया अब 25वें दौर तक पहुंची है। इस बार आठ बिंदुओं पर बनी सहमति संकेत देती है कि बातचीत केवल औपचारिकता नहीं रह गई है। सीमा निर्धारण और सीमा प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों को सक्रिय करना, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गलतफहमी रोकने के लिए मौजूदा सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग और नये संपर्क तंत्र बनाना व्यावहारिक विश्वास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत-चीन संबंध केवल सैनिक चौकियों और राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क भी रहा है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली और विस्तार, सीमा व्यापार मार्गों को फिर खोलना तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। 2026 में कैलाश-मानसरोवर यात्रा लिपुलेख और नाथुला, दोनों मार्गों से संचालित हुई है। 25वें दौर की वार्ता में तीन निर्धारित सीमा व्यापार केंद्रों को फिर खोलने की प्रगति का स्वागत किया गया तथा व्यापार और तीर्थयात्रा को और मजबूत करने पर सहमति बनी। यह छोटा कदम नहीं है। सीमा पर सैनिकों की संख्या घटाना एक सुरक्षा उपाय है, लेकिन सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के लिए व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना दीर्घकालिक शांति की सामाजिक नींव तैयार करता है। **-ललित गर्ग**

> **भारत-चीन संबंध केवल सैनिक चौकियों और राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क भी रहा है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली और विस्तार, सीमा व्यापार मार्गों को फिर खोलना तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है।**

# नैतिक संस्कारों की खेती करके सदाचरण की फसल उगायें

सामाजिकता को यदि एक खेत की भूमि कहा जाये तो कोई गलत नहीं होगा। मनुष्य को चाहिये कि वह उस भूमि में नैतिक संस्कारों की खेती करे ताकि उसमें उत्तम गुणों से युक्त आचरण की फसल की प्राप्ति हो सके। लेकिन वर्तमान में ऐसा प्रतीत होता है कि मनुष्य ने नैतिक संस्कारों की खेती का त्याग कर रखा है, जिसके कारण आज उस भूमि में मानवता के विमुख विचारों की फसल उगने लगी है। सोचिये कि वह समय कैसा होगा, जब कहीं मानवता व संवेदनाओं का नामोनिशान नहीं होगा, बस चारों ओर अमानवीयता तथा संवेदनहीनता की फसल लहलहाती दिखाई देगी। समस्त जीवों में मानव जीवन को ही उत्तम कहा जाता है, क्योंकि सब प्राणियों में एक वही सोचने और समझने की क्षमता रखता है। वह अनेक शक्तियों का स्वामी है और स्वयं की मानसिक चेतना व शक्ति के माध्यम से उसने गूढ़ज्ञान प्राप्त किया भी है, लेकिन आज तो मानव नाम मात्र का ज्ञान प्राप्त करके ही स्वयं को भ्रमित कर रहा है। शायद वह नहीं जानता कि भ्रम एक ऐसा वायरस है जो मनुष्य के सद्कर्मों व ज्ञान को अपना शिकार बना लेता है तथा शरीर में नकारात्मक ऊर्जा का सृजन करके उसे प्रवाहित करता है। मनुष्य को चाहिये कि वह अपने जीवन की वास्तविकता को जाने और अज्ञानता के वशीभूत होकर उत्पन्न हुई भ्रान्तियों को त्याग कर आगे बढ़े। भ्रान्तियों में जीवन को जीना और उन्हीं को लेकर मर जाना जीवन का सही सार नहीं कहा जा सकता। इसलिए उसे चाहिये कि वह ज्ञान-विज्ञान के साथ मानवीय गुणों को धारण करे। यह संसार अनन्त रहस्यों से भरा हुआ है, जिनको समझने और सुलझाने के लिए गूढ़ज्ञान की आवश्यकता है। मनुष्य की आयु दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। इसलिए उसे चाहिये कि वह एक-दूसरे के सहयोग से सामाजिकता के खेत में नैतिक संस्कारों की खेती करके अपने शेष बचे जीवन में उत्तम गुणों से भरपूर आचरण की फसल प्राप्त करके अपने जीवन को सार्थक बनाये।



**हरिओम विश्नोई**, गुरुद्वारा रोड, नई बस्ती, बिजनौर

# ठेकेदार पर मिट्टी उठाने का आरोप, प्रशासन ने पकड़ी चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

## बंद कताई मिल की आराजी पर चल रहा बिल्डिंग तोड़ने का काम

नगीना ( चिंगारी )। करीब 25 वर्षों से बंद पड़ी नगीना कताई मिल की आराजी पर इन दिनों बिल्डिंग को तोड़ने का काम चल रहा है। सरकार की ओर से करीब 7.25 करोड़ रुपये में एक कंपनी को टेंडर दिया गया है। आरोप है कि टेंडर के तहत बिल्डिंग आदि को तोड़कर निकलने वाली सामग्री को हटाने के साथ ही संबंधित ठेकेदार द्वारा कथित तौर पर आराजी से मिट्टी का खनन कर उसे भी उठाया और बेचा जा रहा था। लोगों की शिकायत पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी ले जा रही चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से कताई मिल की जमीन से लगातार मिट्टी उठाकर बेची जा रही थी। लोगों का कहना है कि टेंडर में जो नियम और शर्तें निर्धारित हैं, उनके दायरे से बाहर जाकर यदि मिट्टी का उठान किया जा रहा है तो इससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने के साथ ही राजस्व की भी क्षति हो सकती है।

शिकायत मिलने के बाद एसडीएम प्रिंस कुमार ने कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़कर मंडी समिति में खड़ा करा दिया। एसडीएम ने टेंडर पाने वाली कंपनी के लिए काम कर रहे ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में कताई मिल की आराजी से मिट्टी उठाने का काम न किया जाए। ऐसा किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।


मंडी समिति परिसर में खड़ी मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

## नियमों की जांच हुई तो सामने आ सकता है बड़ा मामला

नगीना ( चिंगारी )। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन टेंडर में शामिल नियम-शर्तों और मौके पर हो रहे कार्य की गहनता से जांच कराए तो सरकारी संपत्ति से निकाली जा रही सामग्री के साथ-साथ मिट्टी के उठान का पूरा मामला सामने आ सकता है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि स्पष्ट हो सके कि ठेकेदार को टेंडर में किन-किन वस्तुओं को हटाने की अनुमति दी गई है और मिट्टी उठाने की अनुमति है या नहीं। एसडीएम प्रिंस कुमार ने बताया कि टेंडर पाने वाली कंपनी के लिए काम कर रहे ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि भविष्य में मिट्टी उठाने का काम कतई न करें। यदि ऐसा किया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

# पत्नी की हत्या में प्रयुक्त हथियार के साथ आरोपी पति गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हंसिया भी बरामद किया है। उल्लेखनीय है क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव में एक सप्ताह पूर्व बंद कमरे में महिला शहनाज का शव पड़ा मिला था। मृतका के बेटे आसिफ ने अपने पिता अहमद हसन पर मां की हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था तथा उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। पकड़े गए आरोपी अहमद हसन ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह श्रीनगर से 18 अगस्त को अपने घर नयागांव आया था। 20 अगस्त को नया मोबाइल नंबर लेने के बाद अपने बच्चों से बातचीत की तथा श्रीनगर आने को लेकर बड़े बेटे आसिफ से फोन पर कहासुनी हो गई। इसी दौरान उसका पत्नी शहनाज से भी विवाद हुआ। आरोपी के अनुसार पति-पत्नी के बीच में पूर्व में भी आपसी कलह व एक-दूसरे पर संदेह को लेकर विवाद होता रहता था। 21 अगस्त को सुबह दोबारा से विवाद होने पर आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी के ऊपर घर में रखे हंसिया से सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। 25 अगस्त को उसके बेटे आसिफ के घर पहुंचने पर कमरा बंद मिला। दूसरी चाबी से ताला खोला तो उसकी मां मृत अवस्था में पड़ी थी। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजकर मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दी थी। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने उपनिरीक्षक नरेंद्र पाल, कांस्टेबल धर्मेंद्र, ब्रिजेश व नितिन कुमार की टीम के साथ आरोपी अहमद हसन को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया अभियुक्त अहमद हसन निवासी ग्राम मोहनपुर हाल निवासी श्रीकोट तहसील श्रीनगर थाना पौड़ी गढ़वाल का रहने वाला जिनका एक मकान मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव में भी है, जहां घटना को अंजाम दिया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी का सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है।



## प्रजापति समाज को एकजुट करने की अपील की

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार रामोद कुमार प्रजापति ने नजीबाबाद प्रजापति समाज की बिखरी हुई ताकत को एकजुट करने की मुहिम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि जनपद बिजनौर में प्रजापति समाज का एक ही जिला संगठन व एक ही जिला अध्यक्ष होना चाहिए, तभी समाज की समस्याओं व अधिकारों की आवाज मजबूती से उठ सकेगी। उन्होंने समाज के विभिन्न संगठनों व नेताओं से अपील करते हुए कहा कि अब समय अलग-अलग संगठन व अलग-अलग नेतृत्व खड़ा करने का नहीं, बल्कि एक मंच पर आकर समाज की सामूहिक ताकत बढ़ाने का है। उन्होंने नेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं से गांव-गांव व घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाकर समाज के लोगों को एकजुट करने की अपील की।

# मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी, जोर-शोर से जारी



बिजनौर ( चिंगारी )। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी 4 सितम्बर को जिला मुख्यालय पर पूर्ण श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, जिसके मद्देनजर मंदिरों में रंग रोगन व सफाई की प्रक्रिया अंतिम चरणों में पहुंच गई है। जन्माष्टमी पर होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के लिये मंदिर प्रबंध समितियां बैठकें कर रही हैं। एक बैठक का आयोजन यहां शंभूदयाल चौराहे के पास स्थित चौरासी घंटा मंदिर (डिप्टी साहब) में हुआ, जिसमें सर्वश्री दीपक अग्रवाल बेसन वाले, अरविंद अग्रवाल, शिवकुमार गुप्ता, मा. अनिल, कुलदीप मावे वाले, देवेश अगवाल, अमित सचदेवा व ललित अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही। समिति के अनुसार बच्चों द्वारा मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। वर्षों पुरानी अपनी परंपरा का अनुसरण करते हुए केक काटा जायेगा। पंजाबी कॉलोनी सिविल लाइंस स्थित श्री सनातन धर्म रामकृष्ण मंदिर में प्रात: पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ हो जायेगा। शाम को बच्चों द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं का रूप धारण कर भजनों पर नृत्य किया जायेगा। समिति के प्रबंधक सदानंद खेड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल समस्त बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। उधर, भव्य व आकर्षक झाकियां सजाने के लिये विख्यात, सब्जी मंडी के पास स्थित शिव मंदिर में इस वर्ष भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। समिति के वरूण अग्रवाल भोलू एड. ने बताया कि जन्माष्टमी पर मंदिर में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।



# रोडवेज बस की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत


फाइल फोटो मुन्नी देवी

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंगलवार शाम नगीना रोड पर गांव चकशहजानी पेट्रोल पंप के सामने रोडवेज बस की टक्कर से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के बैग में एक कागज पर लिखे मोबाइल नंबर पर कॉल करने से ज्ञात हुआ कि मृतका श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी धूमसिंह 70 वर्ष, निवासी ग्राम फजलपुर, थाना मंडावर नजीबाबाद की है। मुन्नी देवी गांव चकशहजानी में अपने फुफेरे भतीजे विनोद सैनी के यहां आई थी। मंगलवार को वह वापस अपने घर जाने के लिए सड़क पार करते समय देहरादून से रानीखेत जा रही रानीखेत डिपो की बस (यूके 07पीए 6072) की टक्कर लगने से मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा बस एवं चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन सोमपाल सिंह व अनिल कुमार, विनोद कुमार, आकाश, सुधांशु कुमार, खूब सिंह आदि धामपुर पहुंचे और पुलिस से घटना के बारे में जानकारी हासिल की। एस आईं गोपाल सिंह ने बताया कि मृतका के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।


नवनिर्मित बिजली घर का निरीक्षण करते हुए अधिशासी अभियंता संजीव पटेल।

## धामपुर में नवनिर्मित बिजलीघर का उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा लाभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** विद्युत वितरण खण्ड धामपुर के टाउन नंबर वन पर ओवरलोड की समस्या के मद्देनजर विद्युत वितरण खंड, धामपुर द्वारा सिवहारा मार्ग पर कैडे वाले बाबा को जाने वाले मार्ग पर नवनिर्मित 33/11 केवी सब स्टेशन का शुभारंभ रेलवे विभाग द्वारा शुगर मिल रेलवे फाटक के नीचे से अंडरलाइन निकालने की परमिशन न दिए जाने के कारण, नहीं हो पा रहा है। विद्युत वितरण खंड, धामपुर के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार पटेल ने बताया कि डीआरएम मुरादाबाद को विद्युत विभाग द्वारा भेजे गए पत्र में शुगर मिल रेलवे फाटक के नीचे से अंडरलाइन निकाले जाने की अनुमति देने को कहा गया है, परंतु रेलवे विभाग द्वारा अभी तक मंजूरी ने दिए जाने के कारण अंडरपास लाइन नहीं पड़ पाई है। जिस कारण 33/11 सब स्टेशन का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा हैं।

## वाहन की टक्कर से बिजली का खंभा हो गया टेढ़ा


जड़ से टूटा हुआ बिजली का खम्बा।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 मोहल्ला मंडी मारकमगंज में मंदिर चंपा देवी के पास रहने वाले सेवानिवृति जिला गन्ना अधिकारी अमर सिंह राणा के मकान के निकट लगा हुआ सीमेंट का बिजली का खंभा टूट गया है। मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग से खंबे को बदलवा जाने की मांग की है। अमर सिंह राणा के मकान के निकट सीमेंट का बिजली का खंभा लगा हुआ है जिस पर 11000 वोल्ट की लाइन के तार जाने के अलावा डिश के केबल और बॉक्स भी लगे हुए हैं। बताया जाता है कि गत दिवस किसी वाहन चालक ने खंभे में टक्कर मार दी। जिससे खंभा जड़ से टूट कर लटक गया है यदि विद्युत विभाग ने इस खंभे को शीघ्र ही नहीं बदला। तो गंभीर दुर्घटना हो सकती है। लाजपत राय मुखिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, संजीव कुमार, अखिल कुमार, अंकित अग्रवाल आदि ने विद्युत विभाग से शीघ्र खंभा बदलवाने की मांग की है।

## केक काटकर मनाया जायेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत गोविंद नगर स्थित श्री गीता भवन उत्सव समिति की आयोजित बैठक में इस वर्ष भी 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उत्सव के अंतर्गत राधा कृष्ण विग्रह की झांकी का फूलों से श्रृंगार करने, आकर्षक सेल्फी जोन बनाने व मंदिर को भव्य रूप से सजाने व सनातनी संस्कारों से प्रेरित प्रेरणादायक झांकियों सहित गीता से प्रेरित होकर सफल हुए युवाओं की प्रेरित करने वाली झांकियों को प्रदर्शित करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि रात्रि 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाते हुए केक काटा जायेगा और भक्तों को प्रसाद वितरण किया जायेगा। बैठक में हरीश नारंग, योगेश अग्रवाल, रमेश सिंघल, अजय गुप्ता, मनोज अग्रवाल, सुबोध अग्रवाल, सुमित गोयल, राजू छाबड़ा और राजीव गोयल आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में भैया-बहनों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित पुरुषोत्तम शरण भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में यूथ फेस्टिवल मंथ में कक्षा तृतीय व चतुर्थ के भैया-बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रवि कुमार सिंह अध्यक्ष नगर पालिका परिषद धामपुर विशिष्ट अतिथि महेंद्र पाल शर्मा, सोमलता शर्मा, राहुल कुमार, रेणु कुमारी, रमन शर्मा, नेहा शर्मा, मीनाक्षी चौहान, प्रीति चौहान, यामिनी चौहान, निशित अग्रवाल, पुष्पा, सीमा, राजकुमार, हेमंत कुमार, उपकार कुमार गोयल, दीपक कुमार, राहुल, अतुल चौहान, लकी एवं कृपाल सिंह उपस्थित रहे। मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन व मां शारदा की वंदना की गई। आचार्य भूपेंद्र कुमार द्वारा अतिथियों के परिचय के साथ प्रधानाचार्य द्वारा पटका पहनाकर स्वागत कराया गया। स्वागत गीत के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में सरस्वती शिशु मंदिर और विद्या मंदिर ही ऐसे विद्यालय हैं, जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पोषित और पल्लवित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी विद्यालय में पढ़े मेरी बहन रीना व भैया अर्जुन सिंह दोनों ही एमबीबीएस डॉक्टर बन चुके हैं।

## विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियो की धर्मशाला में संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अमित शर्मा, नगर अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू ने बताया कि वर्ष 1964 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंचालक श्री माधवराव सदाशिव राव गोलवकर (गुरु जी) ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की थी। उन्होंने बताया कि हिंदू समाज विभिन्न जातियों और वर्गों में बटा हुआ था उनको एकजुट करने के लिए ही संगठन की स्थापना की गई थी। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म की रक्षा, मठ, मंदिरों एवं पुजारी की सुरक्षा व हिंदू समाज में एकता बनाए रखने का कार्य संगठन द्वारा किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद चिकित्सा, शिक्षा, गौ सेवा, गौशाला, सत्संग आदि सामाजिक कार्यों में भी अपनी भागीदारी निभा रहा है।

कार्यक्रम में नगर मंत्री आर्यन दीक्षित, सह मंत्री अंकित चौहान, मनोज अग्रवाल, नवनीत धनोरिया, आरएसएस के संघचालक विकास जैन, पीयूष अग्रवाल, अभिषेक मोदी, राम अग्रवाल, आलोक कुमार, राकेश कुमार, सौरभ कुमार, राजकुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

## भागवतानंद महाराज का परिनिर्वाण दिवस मनाया रामचरित मानस का अखंड पाठ व भण्डारा कराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में भागवतानंद सरस्वती जी महाराज के 51 वें परिनिर्वाण दिवस पर चल रहे दो दिवसीय सामूहिक श्री रामचरितमानस अखंड पाठ कार्यक्रम का समापन सामूहिक हवन यज्ञ के साथ हो गया। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दो दिन से सामूहिक रूप में चल रहे श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ को पूर्णता दिलाते हुए किया गया। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित स्वामी भागवतानंद सरस्वती महाराज की मूर्ति को दिव्य स्नान कराकर वस्त्र अलंकरण की प्रक्रियाओं को पूर्ण कराया गया। सामूहिक पूजन एवं हवन यज्ञ के मुख्य यजमान अनिल शर्मा एडवोकेट एवं उनकी धर्मपत्नी आशा शर्मा, इंजीनियर अनिल शर्मा एवं विमला शर्मा, गणेश मराठा एवं पूजा मराठा, दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, विवेक शर्मा बिट्टू विवेक शर्मा मोनू एवं नीमा शर्मा, विनीत वर्मा एवं गोल्डी वर्मा, राजू शर्मा एवं मोनिका शर्मा, गजेंद्र सिंह चौहान एवं अनीता चौहान, सचिन कुमार सिंह राजपूत एवं प्रतीक्षा रानी राजपूत, दिवीशा राजपूत सुभाष चंद सैनी एवं मंजू सैनी नमन जैन व अमन जैन आदि रहे। पूजन आचार्य पंडित परितोष शास्त्री ने संपादित कराया। सहयोगी पुरोहित की भूमिका पंडित आर्यन दीक्षित तथा पंडित अकुल शास्त्री ने प्रदर्शित की। इस अवसर पर गुरु माता पुष्पा देवी शर्मा के संरक्षण में प्रीति शर्मा राजरानी गोयल उषा शर्मा मीरा गोयल सहित अनेक महिलाओं ने भजनों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय बना दिया। कार्यक्रम का समापन पंडित सीताराम शर्मा के परिवार की ओर से आयोजित भंडारे से किया गया।


हवन-यज्ञ में आहूति देते हुए श्रद्धालु।

# झलरा के सामने एनएच-34 पर कट खुलवाने की मांग

## भाकियू ने दिया धरना, अधिकारियों ने दिया आश्वासन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर-किरतपुर मार्ग स्थित एनएच-34 पर ग्राम झलरा के सामने कट खुलवाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में आयोजित पंचायत में आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि कट बंद होने के कारण उन्हें खेत-खलिहान और गांवों के बीच आवागमन के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। बैलगाड़ी से आवागमन करने वाले किसानों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरने की सूचना पर सदर तहसीलदार आशीष सक्सेना, बिजनौर कोतवाली पुलिस और एनएचआई के एसडीओ आशीष शर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने कट खुलवाने की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए आठ दिन का समय मांगा। आश्वासन दिया कि आठ दिन के भीतर एनएचआई की टीम मौके पर पहुंचकर कट से संबंधित तकनीकी बिंदुओं का निरीक्षण करेगी और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए कट खुलवाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस आश्वासन के बाद भाकियू ने धरना समाप्त कर दिया। धरने में नरदेव कुमार, पंडित देवता शर्मा, कोमन सिंह, डॉ. विजय चौधरी, विकास चौधरी, आशु चौधरी, अरुण नेताजी, अंकित कुमार, नीटू चौधरी, अभिषेक कुमार, गौरव जंघाला, अंकुर, विनीत कुमार, शकील प्रधान, नासिर, पीरू, रईस, यमन, इस्लाम, फुरकान समेत बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।




# बागड़पुर में हुआ रालोद का विशाल सम्मेलन

## चौधरी चरण सिंह व अजित सिंह ने हमेशा सर्वसमाज के उत्थान के लिए कार्य किया : त्रिलोकचंद त्यागी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** रालोद के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोकचंद त्यागी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की नीतियों व विचारधारा पर चलते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। वे ग्राम बागड़पुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी धर्मपाल सिंह के संयोजन में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को मुख्य अतिथि की हैसियत से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह ने जीवन पर्यन्त किसानों, गरीबों व सर्वसमाज के लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया, उनकी भांति ही चौ. अजित सिंह ने भी हमेशा सर्वसमाज के लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। किसानों की सुविधा के लिए अनेक स्थानों पर शुगर मिलों की स्थापना कराई। अपने स्वर्गीय दादा व पिता की भांति ही जयंत चौधरी भी किसानों, मजदूरों व सर्वसमाज के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने भी अपने विचार रखते हुए सभी से पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी धर्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, वरिष्ठ नेता डा. नीरज चौधरी, पूर्व विधायक चौ. सुखबीर सिंह, रालोद के जिला महासचिव चौ. सबल सिंह, अशोक चौधरी, चौ. वीरेन्द्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष चौ. आनन्द सिंह,चौ. विजयपाल सिंह, डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर, हनी तोमर,पंकज चौधरी, अंकुल चौधरी, शैलेन्द्र सिंह बब्बू, आशू राणा, चन्द्रपाल सिंह गुर्जर, लवकुमार, हुक्म सिंह, जगवीर सिंह, अन्तरेश देवी, डा. विपिन तोमर, ब्रजवीर सिंह, महावीर सिंह, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पंकज कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी धर्मपाल सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये।

**राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद ) सम्मेलन का आयोजन**

# साहूवाला रेंज से वन सम्पदा की लूट जारी

## वन विभाग की टीम ने पकड़ी यूकेलिप्टिस से भरी गाड़ी

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद डिविजन की साहूवाला रेंज में वन तस्करों द्वारा चार पहिया वाहनों से वन संपदा की लूट जारी है। तस्करों द्वारा आरक्षित वन क्षेत्र से काटे गए यूकेलिप्टिस के पेड़ों से भरी एक पिकअप को वन विभाग की टीम ने मंगलवार को अपने कब्जे में लिया है।

वन तस्करों का गढ़ बन चुकी नजीबाबाद वन प्रभाग की साहूवाला रेंज में वन संपदा की लूट लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को साहूवाला रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र, खारी क्षेत्र की खारी बीट के अंतर्गत लाखों रुपए मूल्यों की यूकेलिप्टस की लकड़ियों का अवैध रूप से कटान कर थाना कोतवाली देहात के गांव अकबराबाद स्थित एक लकड़ी की टाल पर ले जाकर बेच दिया। जिसकी वन विभाग को कानों कान ख़बर तक भी नहीं लग पाई। गनीमत यह रही की अवैध लकड़ियों के कटान और बेचने की सूचना एक मुखबिर द्वारा साहूवाला रेंजर को दी गई। जिसके बाद वन विभाग के टीम हरकत में आई और आनन-फानन में टाल पर लकड़ियां उतारकर वापस आ रही पिकअप गाड़ी को रास्ते में पकड़ लिया और पिकअप को वापस टाल पर ले जाकर रेंज से काटी गई लकड़ियों को पिकअप में भरकर अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में साहूवाला रेंजर रामवृक्ष ने बताया कि वन रेंज के अंतर्गत आने वाली खारी बीट से यूकेलिप्टस के पेड़ों का कटान किया गया है। कितने पेड़ों का कटान हुआ है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पिकअप वाहन को लकड़ियों सहित कब्जे में ले लिया गया है।



# चीनी के बढ़ते मूल्यों पर नियंत्रण को लेकर छापेमारी

**देहरादून (चिंगारी)। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशों के क्रम में जनपद में चीनी के बढ़ते मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करना है।**

जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में देहरादून, विकासनगर, सहसपुर एवं ऋषिकेश क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक थोक विक्रेता प्रतिष्ठानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

ऋषिकेश क्षेत्र में उपजिलाधिकारी ऋषिकेश श्रीमती कुमकुम जोशी तथा विकासनगर क्षेत्र में उपजिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों में उपलब्ध चीनी



के स्टॉक, बिक्री अभिलेख, खरीद-बिक्री विवरण तथा बाजार में प्रचलित दरों की गहनता से जांच की गई।

## स्टॉक एवं बिक्री अभिलेखों की गहन जांच

अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि निर्धारित मानकों एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप ही चीनी की बिक्री की जा रही है तथा उपभोक्ताओं से अनुचित मूल्य वसूली न हो। अभियान में जीएसटी विभाग की ओर से सहायक आयुक्त दीपक सेमवाल सहित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, गन्ना विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

### कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जायेगी- डीएसओ

जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल ने कहा कि बाजार में चीनी की कृत्रिम कमी पैदा करने, जमाखोरी, कालाबाजारी अथवा अनुचित मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद में चीनी की उपलब्धता एवं कीमतों की निरंतर निगरानी की जा रही है।

उन्होंने थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को नियमानुसार स्टॉक एवं बिक्री का विवरण संधारित करने तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित एवं उचित दरों पर चीनी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## नेपाल आपदा में मृतकों को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दी श्रद्धांजलि



### एक माह का वेतन आपदा राहत कोष में देने की घोषणा

**देहरादून (चिंगारी)।** नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए अपना एक माह का वेतन आपदा राहत कोष में देने की घोषणा की है। मीडिया से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में केवल दूसरों से सहायता की अपील करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक एवं मानवीय कार्य की शुरुआत व्यक्ति को स्वयं से करनी चाहिए, ताकि इससे समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिले। देहरादून के नयागांव विजयपुर, हाथीबड़कला में गोरखा कल्याण परिषद द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नेपाल आपदा में मृत लोगों को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। गोरखा कल्याण परिषद एवं उत्तराखण्ड सरकार के सौजन्य से आयोजित इस श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा में नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में असमय जान गंवाने वाली सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, संस्था के पदाधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की आत्मशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान गोरखा कल्याण परिषद, उत्तराखण्ड सरकार की अध्यक्ष ज्योति कोटिया ने नेपाल में आई भीषण आपदा पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की।

## ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता में झलकेगा विकसित भारत का संकल्पः रावत

### 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सभी शिक्षण संस्थानों में आयोजित होंगे कार्यक्रम



**देहरादून (चिंगारी)।** प्रदेशभर के शासकीय, अशासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं को रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने तथा उनमें विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें विद्यालयी, संस्कृत, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के 20 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। इसके लिये सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश दे दिये गये हैं। प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने शासकीय आवास पर चारों विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आगामी 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में संचालित होने वाले 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 25 वर्ष' अभियान में सभी शासकीय, अशासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डा. रावत ने कहा कि विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के बाद उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा और उन्हें जिला व राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में भेजा जायेगा। जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय मंच के लिये चयनित करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री व खुद शिक्षामंत्री पुरस्कृत करेंगे। बैठक में सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक गैरोला, सचिव विद्यालयी शिक्षा डॉ. ज्योति यादव, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा आकांक्षा कोण्डे, अपर सचिव उच्च शिक्षा मनुज गोयल, निदेशक तकनीकी शिक्षा देशराज, निदेशक माध्यमिक शिक्षा वी.पी. सिमल्टी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

## गलियों और चौराहों से आसमान तक रहेगी ब्रज संस्कृति की धूम

**मथुरा (एजेंसी/चिंगारी)।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का उल्लास ब्रजभूमि में परवान चढ़ने लगा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा-वृंदावन की गलियां, चौराहे और प्रमुख सांस्कृतिक स्थल कृष्ण भक्ति, ब्रज लोक संस्कृति, संगीत, नृत्य और कला के रंग में रंगे नजर आएंगे। कहीं बीन की मधुर धुन श्रद्धालुओं का स्वागत करेगी, तो कहीं ढोल-नगाड़ों की थाप और लोक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां उत्सव में भक्ति का रंग घोलेंगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए देश-विदेश से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु ब्रजभूमि पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत को यादगार बनाने के लिए इस बार परिषद की ओर से व्यापक सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं, बल्कि ब्रज की समृद्ध लोक परंपरा, संगीत और कला को श्रद्धालुओं के सामने जीवंत करना है। जन्माष्टमी के अवसर पर करीब 1000 कलाकार कृष्ण भक्ति संगीत और ब्रज लोक कला की प्रस्तुतियां देंगे। इसके लिए पांच बड़े और 27 छोटे मंच तैयार किए गए हैं। इन मंचों पर करीब 600 लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। मंचों पर कृष्ण भक्ति के भजन-कीर्तन के साथ ब्रज के लोकगीत, लोक नृत्य, संगीत और श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। प्रमुख कार्यक्रम पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में आयोजित किए जाएंगे। मंचों के अलावा प्रमुख मार्गों और चौराहों पर स्ट्रीट परफॉर्मर भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। करीब 350 कलाकार बीन, ढोल, नगाड़े, ढपली, शहनाई, तबला और बेला सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। जन्माष्टमी के उत्सव में इस बार आसमान भी कृष्णमय होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद पहली बार मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर ड्रोन शो आयोजित करेगा। चार सितंबर की रात करीब नौ से 10 बजे के बीच जन्मस्थान के निकट किशोरी रमण बीएड कॉलेज से इस भव्य लाइट शो का आयोजन किया जाएगा। बॉटलैब डायनामिक्स के इस ड्रोन शो में 500 ड्रोन शामिल होंगे। आसमान में उड़ते ड्रोन श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी विभिन्न आकृतियां और दृश्य प्रदर्शित करेंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे।





-अश्मनी विश्नोई जाखड़

# 'चलती-फिरती अदालत' बने सरदार प्रीतम सिंह

**90 + प्लस**

## स्योहारा में सिख समाज के विवाद थाना-कचहरी नहीं, 'पगड़ी वाली पंचायत' में सुलझते हैं

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सिर पर पगड़ी, सफेद दाढ़ी और 95 वर्ष की उम्र में भी चेहरे पर तेज यह स्योहारा के मोहल्ला चंचलपुरियान जालीवाला मंदिर निवासी सरदार प्रीतम सिंह हैं। व्यावसायिक दृष्टि से इनकी अपनी एक कपड़े की दुकान है, मगर सामाजिक दृष्टि से सरदार प्रीतम सिंह सभी वर्गों में सम्मानित हैं। सिख समुदाय के लिए वह भीष्म पितामह की भूमिका में हैं। उनकी जुबान से निकली बात सिख समुदाय का कोई व्यक्ति नहीं टालता है। क्षेत्र के सिख समुदाय में इन्हें 'चलती-फिरती अदालत' के नाम से जाना जाता है। इसकी वजह बीते 25 सालों से सिख समाज का कोई भी विवाद, चाहे भूमि का हो, परिवार का हो, वह सीधे थाने या अदालत नहीं जाता है। थाना या अदालत से पहले सरदार प्रीतम सिंह के दरबार में पेश होता है। उनके चलते-फिरते दरबार में दोनों पक्ष आते हैं, बात रखते हैं। परमजीत सिंह जी गुरबानी और गुरु के सिद्धांतों के हवाले से फैसला सुनाते हैं। फिर दोनों पक्षों में से कोई भी पक्ष उनके फैसले पर उंगली नहीं उठाता है।

### सेहत का राज ?

सरदार प्रीतम सिंह बताते हैं कि उनकी दिनचर्या बहुत सात्विक है। रात को 1 बजे उनकी सुबह होती है। नहाने के बाद पूजा पाठ करते हैं। योगासन करते हैं और लगभग 4 बजे वह टहलने के लिए निकल जाते हैं। लगभग 6 किलोमीटर प्रतिदिन टहलते हैं। सुबह नाश्ते में मौसमी फल लेते हैं। लगभग 11 बजे वह गोचनी की रोटी खाते हैं, जिसके बाद वह अपनी दुकान पर आ जाते हैं। लगभग 3 बजे वह शाम का खाना खा लेते हैं और घूमने निकल जाते हैं। रात को 8 बजे वह सोने चले जाते हैं। उन्होंने अपने स्वास्थ्य का राज टहलना और रात को कुछ न खाना बताया है।

### फैसले का आधार गुरु का हुक्म

**सरदार प्रीतम सिंह का फैसले का तरीका बहुत सीधा है। सुनवाई में दोनों पक्षों को बराबर समय देना, सजा, माफी, लंगर सेवा, या गुरु ग्रंथ साहिब की हाजिरी में समझौता।**



### न थाना-पुलिस का झंझट न अदालत में पेशी

सरदार प्रीतम सिंह कहते हैं पुलिस में गए तो पहले एफआईआर होगी, फिर अदालत में सालों तक केस लड़ते रहोगे। यहां तो 10 मिनट में मान-मर्यादा के साथ फैसला हो जाता है। न किसी का काम प्रभावित होता हैं और न ही वकीलों की फीस के रूप में आर्थिक नुकसान होता है।

### अपील नहीं, फैसला अंतिम।

**गुरु ने कहा है- बैर भाव मिटाओ। मैं बस उसी का पालन करता हूं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज तक सरदार जी का कोई फैसला किसी ने नहीं तोड़ा, क्योंकि ये अदालत का आदेश नहीं, गुरु का हुक्म होता है। आज के दौर में जहां हर छोटी बात पर FIR होती है, स्योहारा के सिख समाज के लिए सरदार प्रीतम सिंह एक मिसाल हैं।**

---

## चिकित्सकों ने विष्णु कश्यप के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** निषाद पार्टी की एक शोक सभा नगर अध्यक्ष डॉक्टर एहसान उस्मानी की क्लीनिक पर संपन्न हुई। जिसमें निषाद पार्टी की महिला मोर्चा जिला महासचिव श्रीमती सोनिया कश्यप के पति विष्णु कश्यप के अज्ञात वाहन की टक्कर से निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोकसभा में डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर ऋषिपाल सिंह कश्यप, डॉक्टर जुनैद अंसारी, डॉक्टर अरविंद कुमार कश्यप, घसीटा सिंह, डॉक्टर एहसान उस्मानी, जितेंद्र कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## फुरकान भाकियू सेवा के नगीना विधानसभा सचिव बने

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौ. अकरम उस्मानी के निर्देशानुसार बिजनौर जिलाध्यक्ष योगेंद्रपाल सिंह ने किरतपुर क्षेत्र के ग्राम रामपुर बिसना निवासी फुरकान पुत्र हबीब को भाकियू सेवा का नगीना विधानसभा सचिव मनोनीत किया है। उन्होंने फुरकान से उम्मीद की है कि वह किसानों व मजदूरों के हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे।

## गंगा विहार कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का टोटा, मुख्यमंत्री से जांच की मांग

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में गंगा विहार कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की कमी व अधूरी विद्युत व्यवस्था के मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कॉलोनी में पार्क एवं हरित क्षेत्र की उचित व्यवस्था नहीं है। जल निकासी के लिए पर्याप्त नालियां व ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने से जलभराव की समस्या की आशंका बनी रहती है। सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल व सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था भी नहीं होने की बात कही गई है। कॉलोनी में मंदिर एवं अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए निर्धारित व्यवस्था को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कालोनी में खंभे लगे हैं, लेकिन विद्युत लाइन का काम अधूरा है। विद्युत केबल/लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इससे कॉलोनी में विद्युत व्यवस्था को लेकर परेशानी बनी हुई है। उन्होंने संबंधित विभाग से मौके पर निरीक्षण कराकर विद्युत व्यवस्था को पूर्ण कराने की मांग की है। रितेश सैन ने पत्र में यह भी कहा है कि विनियमित क्षेत्र कार्यालय से गंगा विहार कॉलोनी का स्वीकृत नक्शा, ले-आउट प्लान व संबंधित अभिलेख मांगे गए, लेकिन ये उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने मांग की है कि यह स्पष्ट किया जाए कि कॉलोनी को किन शर्तों व किस स्वीकृत मानचित्र के आधार पर अनुमति दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से संबंधित विभागों से अभिलेख मंगाकर स्वीकृत मानचित्र व मौके की वास्तविक स्थिति का स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से मिलान कराने की मांग की है। यदि स्वीकृत मानकों के अनुरूप विकास कार्य नहीं कराए गए हैं तो संबंधित व्यक्ति/संस्था व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई। प्रार्थना पत्र की प्रतिलिपि मंडलायुक्त मुरादाबाद, जिलाधिकारी बिजनौर व उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को भी भेजी गई है।



## वन क्षेत्राधिकारी इन्दर सिंह को भावभीनी विदाई दी



इंदर सिंह बिष्ट को विदाई देते वन अधिकारी/कर्मचारी।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सोमवार को कॉर्बेट वानिकी प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ में वन क्षेत्राधिकारी इंदर सिंह बिष्ट के सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके सेवाकाल की सराहना की। इस अवसर पर इस अपने संबोधन में इंदर सिंह बिष्ट ने वन विभाग में अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लंबे सेवाकाल के दौरान उन्हें विभिन्न परिस्थितियों में कार्य करने और वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ दायित्वों का निर्वहन उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रहा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कॉर्बेट वानिकी प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ के निदेशक बिंदरपाल सिंह ने कहा कि श्री बिष्ट की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और कार्य के प्रति समर्पण हमेशा याद रखा जाएगा। इस दौरान कॉर्बेट वानिकी प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ के निदेशक बिंदरपाल सिंह, रेंज अधिकारी संजय पांडे, अभय जोशी, राकेश भट्ट, शंकर सिंघल, पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, राहुल मिश्रा आदि सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# एससी-एसटी आयोग सदस्य ने की जनसुनवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य मिठाई लाल ने मंगलवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग समेत अन्य लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।



विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए मिठाई लाल ने कहा कि जिन वर्गों के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं, उनका वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना सहित नगर पालिका, राजस्व एवं पुलिस विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अभय कुमार पांडेय, तहसीलदार सदर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर, सेनेटरी इंस्पेक्टर समेत अन्य अधिकारी एवं संबंधित लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांगों की आशा, बने एम.आर. पाशा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** देश के लाखों दिव्यांगजनों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

एमआर पाशा ने बहुत ही कम उम्र में यह ठान लिया था कि समाज में जो वर्ग सबसे ज्यादा उपेक्षित है, उसकी आवाज बनना है। इसी सोच के साथ उन्होंने राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की नींव रखी, जो आज देश के कोने-कोने में दिव्यांग भाई-बहनों के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है।

संगठन के मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं, पेंशन और आरक्षण का पूरा लाभ दिलाना, शिक्षित दिव्यांग युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना, समाज में दिव्यांगों के प्रति सम्मान और बराबरी का भाव पैदा करना, विकलांग प्रमाण-पत्र, रेलवे पास और अन्य दस्तावेजों में आ रही समस्याओं का निवारण करना है।



राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ एसोसिएशन चलाना नहीं है, बल्कि हर दिव्यांग को आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाना है। विकलांगता शरीर में होती है, सोच में नहीं। जब तक एक भी दिव्यांग भाई अपने हक से वंचित है, हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उनके इस जज्बे और निस्वार्थ सेवा भावना के कारण आज हजारों लोग उनसे जुड़ रहे हैं। बिजनौर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में उनके नेतृत्व में संगठन तेजी से विस्तार कर रहा है।

धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# लोक अदालत के लिये प्रचार वाहनों को रवाना किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों के तहत 12 सितंबर को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए मंगलवार को जजी परिसर, बिजनौर से प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार सप्तम, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुधीर कुमार, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम प्रशांत मित्तल, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लोकेश नागर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चंद्रा, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने प्रचार वाहनों को रवाना किया।



## पांच स्थानों पर होगी लोक अदालत

जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 12 सितंबर को जजी परिसर बिजनौर के अलावा बाह्य न्यायालय नगीना, नजीबाबाद, चांदपुर और धामपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें पक्षकार आपसी सुलह-समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकेंगे। लोक अदालत की प्रक्रिया सरल और सुगम है तथा इसमें कानूनी जटिलताओं से बचते हुए मामलों का निस्तारण किया जाता है।

## इन मामलों का हो सकेगा निस्तारण

लोक अदालत में शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, बिजली-पानी के बिल से संबंधित शमनीय दंड वाद, राजस्व वाद, सिविल वाद, आर्बिट्रेशन से संबंधित वाद और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत लोकेश नागर ने बताया कि लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है और उसके विरुद्ध किसी अन्य न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती।

# बिजनौर में विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन

**बिजनौर( चिंगारी )।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद बिजनौर में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। मिशन के एमडी श्री अरुण कुमार ने बिजनौर में विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर सहित जिला प्रशासन एवं एनआरएलएम के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान एमडी, एनआरएलएम ने कैफे का अवलोकन कर इसकी व्यवस्थाओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विदुर प्रेरणा जैसे महिला-नेतृत्व वाले उद्यम ग्रामीण महिलाओं को रोजगार, आय और आत्मनिर्भरता के नये अवसर प्रदान कर रहे हैं।




# सीडीओ ने डिजिटल लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

## रशीदपुर गढ़ी में 25 और तैमूरपुर दीपा में 14 विद्यार्थी कर रहे अध्ययन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने मंगलवार को डिजिटल लाइब्रेरी रशीदपुर गढ़ी और डिजिटल लाइब्रेरी तैमूरपुर दीपा का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों लाइब्रेरियों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ अध्ययनरत विद्यार्थियों की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पुस्तकों को अलमारियों में सुव्यवस्थित ढंग से रखने और प्रत्येक अलमारी के बाहर उसमें रखी पुस्तकों की सूची चस्पां करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जरूरत की पुस्तक आसानी से मिल सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दोनों डिजिटल लाइब्रेरियां निर्धारित समय पर नियमित रूप से खुल रही हैं। लाइब्रेरियों में उपलब्ध सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हैं और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डिजिटल लाइब्रेरी रशीदपुर गढ़ी में कुल 25 विद्यार्थी, जबकि तैमूरपुर दीपा में 14 विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन के लिए पहुंचते हैं।



सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि डिजिटल लाइब्रेरियों की व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर बनाया जाए और विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

# एनडीए प्रत्याशी को ईमानदारी से चुनाव लड़ायेंगे रालोद कार्यकर्ता- त्यागी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** ग्राम बबनपुरा स्थित वरिष्ठ नेता डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर के हास्पिटल जगमीत मैमैरियल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए रालोद के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोकचंद त्यागी ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में रालोद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जगह-जगह कार्यकर्ता सम्मेलन किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रालोद भाजपा का गठबंधन है। एनडीए गठबंधन से जो भी प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरेगा, कार्यकर्ता उसका चुनाव पूरी ईमानदारी के साथ लड़ाकर उत्तर प्रदेश में रालोद-भाजपा गठबंधन की सरकार बनायेंगे। पत्रकारों द्वारा खादर क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर पिछले 13 दिनों से दिये जा रहे धरने के बारे में जानकारी दिए जाने पर श्री त्यागी ने कहा कि वे इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे तथा गंगा किनारे तटबंध बनाये जाने की मांग करेंगे। प्रेस वार्ता में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप, डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व विधायक सुखबीर सिंह, चन्द्रपाल सिंह गुर्जर, चौ. विजयपाल सिंह, चौ. वीरेन्द्र सिंह, यशवीर सिंह तोमर, अंकुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

## चौ. धर्मपाल सिंह व डा. भूपेन्द्र तोमर को पदों से नवाजा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोकचंद त्यागी ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी धर्मपाल सिंह को रूहेलखंड पंचायत राज प्रकोष्ठ का क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता डा. भूपेन्द्र सिंह तोमर को रालोद प्रोफेशनल मंच का क्षेत्रीय महासचिव मनोनीत किया। त्रिलोकचंद त्यागी ने दोनों पदाधिकारियों को माला पहनाकर उनका सम्मान करते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया।



चौधरी धर्मपाल सिंह डा. भूपेन्द्र सिंह

# कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न होने पर प्रीतिभोज का आयोजन किया



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न होने के पश्चात स्थानीय थाना कोतवाली देहात में एक प्रतिभोज का आयोजन किया गया। प्रतिभोज से पूर्व उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल कोतवाली देहात की ओर से थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों तथा मीडिया कर्मियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित सम्भ्रांतजनों को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष वीरपाल सिंह ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुई कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न करने में स्थानीय पुलिसकर्मियों एवं कांवड़ यात्रा में लगे अन्य लोगों की सहभागिता सराहनीय रही। समारोह का संचालन नगर महामंत्री आज़म ज़ैदी ने किया।

इस आयोजन में मुकेश त्यागी, भूरे ठेकेदार, चौधरी सतपाल सिंह, शेख आफताब, अंशुल कौशिक, एडवोकेट जावेद ज़िया, अंकित चौधरी, लाईक कुरैशी, फ़रमान, इसरोज़ ज्वैलर्स व नौशाद अहमद, बब्लू कुरैशी आदि शामिल रहे।

# मेघा चाहल ने पास की यूजीसी-नेट परीक्षा



**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज हल्दौर के कोर्स बी.एल.एड. में अध्ययनरत रही छात्रा मेघा चाहल ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा शास्त्र विषय में जून 2026 की यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। मेघा चाहल की इस उपलब्धि पर गहलौत कॉलेज परिवार ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के अध्यक्ष ने कहा कि मेघा चाहल की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। मेघा चाहल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं निरंतर मेहनत को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# हत्या और डकैती के दोषी को आजीवन कारावास



**बिजनौर ( चिंगारी )। फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने ग्राम केलेनपुर में पड़ी डकैती में एक अभियुक्त राम सिंह को हत्या और डकैती का दोषी पाकर आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।**

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद शर्मा और अजीत पवार के अनुसार चांदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि शाहजहांपुर के ग्राम सिंगोली निवासी राम सिंह पुत्र त्रिलोकी, ग्राम मिलकिया निवासी खेम सिंह उर्फ खीम्मा, ग्राम इशापुर निवासी बचराम उर्फ लीची पुत्र लक्ष्मण 18/19 मई 2018 को रात्रि में चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केलनपुर में परबीता के घर में घुस आए। परबीता के जागने और उसके शोर मचाने पर रामसिंह ने लोहे क का सब्बल उसके सिर में मार दिया, जिससे परबीता की मृत्यु हो गई। इस मामले में पकड़े जाने पर राम सिंह ने हत्या में प्रयुक्त सब्बल भी बरामद कराया। इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डॉ. शहजाद अली ने अभियुक्त राम सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और तीस हजार रुपए अर्थदंड,धारा 393 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 457 के तहत सात वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है,जबकि अन्य दोनों अभियुक्तों खेम सिंह उर्फ खीम्मा तथा बचराम उर्फ लीची को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई है।

# तटबंध का निर्माण कराने की मांग की

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक पंचायत में खादर क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध का निर्माण शीघ्र कराये जाने की मांग की गई।

तहसील परिसर में ब्लॉक महासचिव कमल सिंह की अध्यक्षता एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष सतवीर सिंह के संचालन में आयोजित पंचायत में छुटटा पशुओं व गुलदारों को पकड़वाये जाने,चांदपुर तहसील में किसानों को पंचायत करने हेतु एक टिन सेट की व्यवस्था की जाए, गन्ने का भाव 600 कुंतल किया जाये, जलीलपुर खादर में बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की गई।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह काकरान

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान, कमल सिंह, सतवीर सिंह, सविता वर्मा,लक्ष्मी देवी, तरुण कुमार, बिजेंद्र प्रधान, दयाराम सिंह, कुमारपाल सैनी, नाजिम अहमद, नईम अहमद, सलीम अहमद, नरसी भगत, राजेश कुमार, कार्मेंद्र सिंह, धीरज त्यागी, योगेंद्र सिंह तोमर, सुभाष चौधरी, ओंमकार सिंह, गजराज सिंह, अक्षय कुमार, नत्थू यादव, भूदेव यादव, महेंद्र सिंह, अशोक कुमार, प्रकाश प्रजापति, कन्हैया, केहर सिंह, जसराम सिंह, नन्हे सैनी, मुन्ने सैनी, भागेंद्र सिंह, इंद्रवीर सिंह, नरदेव सिंह, दिलावर सिंह, कार्तिक कुमार, अरविंद कुमार, मुनीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर 67 हजार से अधिक महिलाओं ने फ्री यात्रा का लाभ लिया

## 42,106 सहयात्रियों ने भी किया मुफ्त सफर




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन पर बहनों को भाइयों तक पहुंचाने के लिए रोडवेज की निःशुल्क यात्रा सुविधा का जमकर लाभ उठाया गया। बिजनौर रोडवेज डिपो के आंकड़ों के मुताबिक 27 से 29 अगस्त तक तीन दिनों में 67,462 महिलाओं ने मुफ्त सफर किया। महिलाओं के साथ यात्रा करने वाले 42,106 सहयात्रियों ने भी किराया नहीं दिया। इस तरह तीन दिनों में कुल 1,09,568 यात्रियों ने निःशुल्क यात्रा का लाभ उठाया। रक्षाबंधन के आसपास बसों में यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ी। राखी के एक दिन बाद 29 अगस्त को सबसे अधिक 32,421 महिलाओं ने रोडवेज बसों से सफर किया। इनके साथ 21,610 सहयात्री भी निःशुल्क यात्रा में शामिल रहे। एक ही दिन में कुल 54,031 यात्रियों ने मुफ्त सफर किया। 27 अगस्त को 12,019 महिलाएं और 5,149 सहयात्री एवं 28 अगस्त को 23,022 महिलाएं और 15,347 सहयात्री निःशुल्क किराया योजना का लाभ उठाया। एआरएम बिजनौर अशोक कुमार ने बताया कि बिजनौर डिपो में तीनों दिनों में सबसे अधिक महिला यात्रियों की संख्या 29 अगस्त को रही।

# वर्धमान कॉलेज में प्री-पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं का शुभारंभ

## आधुनिकता स्वतः प्राप्त कोई ईश्वरीय फल नहीं - प्रो. अरूण देव




कोर्स वर्क कक्षा को संबोधित करते हुए प्रो. अरूण देव।

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर में कल 01 सितम्बर से गुरु जम्भेश्वर विवि की प्री-पीएच.डी. कोर्स वर्क हिन्दी की कक्षाएं डॉ. ओ.पी. सिंह के निर्देशन में संचालित की जा रही हैं। कोर्स का प्रथम व्याख्यान प्रोफेसर अरुण देव, विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, साहू जैन कॉलेज, नजीबाबाद द्वारा दिया गया। प्रोफेसर शशिप्रभा, विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने सभी भावी शोधार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हिन्दी में शोध की सबसे बड़ी कुंजी है सैद्धांतिक समझ और साहित्य का गंभीर और व्यवस्थित अध्ययन। जिस भी शोधार्थी ने शोध के इन विभिन्न चरणों को समझ लिया, उसका शोध में निपुण होना आवश्यक है। प्रोफेसर अरुण देव ने अपने प्रथम व्याख्यान में आधुनिकतावाद को व्यंजित किया। आपने प्लेटो, अरस्तू से होते हुए, यूरोप के औद्योगिक क्रांति, मध्यवर्ग, फ्रांसीसी क्रांति के रास्ते बांग्ला साहित्य और फिर हिन्दी साहित्य में आए आधुनिकता को सुव्यवस्थित रूप में सामने रखा। उन्होंने बताया कि आधुनिकता स्वतः प्राप्त कोई ईश्वरीय फल नहीं है, बल्कि इसे प्राप्त करने के लिए मानव जगत ने बहुत कुछ खोया है। आज जिस दौर में हम हैं, इस दौर की धरती को आधुनिकता के खाद-पानी से पकाने का जो महत्वपूर्ण काम हमारे पुरखों ने किया है, वह शिरोधार्य है। इस व्याख्यान के तत्काल बाद प्रो. अरूण देव ने अस्तित्ववाद पर आपका व्याख्यान दिया। बताया की आधुनिकता की अगली कड़ियों में व्यक्तिवाद, क्षणवाद, अस्तित्ववाद, विखण्डनवाद आदि कई पड़ाव आए, जो आधुनिकता को और बल देते हुए वैज्ञानिकता को बढ़ावा देने का काम करते रहे। साथ ही आपने आधुनिकतावाद की सीमाओं को भी अपने व्याख्यान में स्पष्ट किया। दोनों व्याख्यानों के पश्चात प्री-पीएच.डी के विद्यार्थी काफ़ी संतुष्ट नज़र आए और उन्होंने व्याख्यान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में प्री-पीएच.डी. कोर्स वर्क के समन्वयक डॉ. ओ.पी. सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. रीना प्रताप सिंह, डॉ. पूजा सिंह के अलावा विद्यार्थियों में अंजली सैनी, अलीजा बी, दिनेश कुमार, अमरनाथ राय, नेहा चौधरी, पंकज जोशी, रश्मि रानी, राजवीर सिंह चौहान, राशिद अली, ऋतु सागर, रुकसार, रूबी, स्वाती यादव, सरोज देवी, सीतू सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आयुष बघेल द्वारा किया गया।

# नहटौर में फतेहपुर के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**नहटौर (चिंगारी)।** मंगलवार शाम कोतवाली मार्ग पर गांव फतेहपुर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक एक ही बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया।

किरतपुर क्षेत्र के गांव उमरी आलोपुर उर्फ आलमपुर निवासी टिंकू (36) पुत्र रामस्वरूप, उसका भतीजा शुभम (24) पुत्र किशन सिंह और पड़ोसी उदयपाल (25) पुत्र रोहिताश सिंह मंगलवार को किसी काम से नहटौर आए थे। काम निपटाने के बाद तीनों शाम करीब साढ़े छह बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। तीनों युवक कोतवाली मार्ग पर गांव फतेहपुर के सामने हनुमान मंदिर के पास पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए बिजनौर के अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने शुभम और उदयपाल को मृत घोषित कर दिया। टिंकू का उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना जैसे ही मृतकों के परिवारों तक पहुंची, वहां कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर




बुरा हाल है। एक साथ दो युवकों की मौत से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। उधर, पुलिस हादसे के बाद मौके से फरार हुए अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य माध्यमों से वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री से मिलीं रचना पाल, बताया जिले का हाल



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पूर्व सदस्य डा. रचना पाल ने मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की और उन्हें जिले विशेषकर नहटौर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान डा. रचना पाल ने बिलाई शुगर मिल द्वारा किसानों के बकाया गन्ना भुगतान में हो रहे विलम्ब का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने विषय को गंभीरता से लेते हुए बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही डा. रचना पाल ने संगठन से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की।

# बिलारी में सिपाही ने गोली मारकर आत्महत्या की



**बिलारी (चिंगारी)। कोतवाली में तैनात सिपाही मोनू सांगवान (30) ने साहू कुंज स्थित किराए के कमरे में गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। कल शाम करीब 7 बजे साथियों ने दरवाजा तोड़कर उन्हें गंभीर हालत में देखा और सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह, सीओ अशोक कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।**


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)

**संख्या :-120/ई-निविदा/न.पा.परि.बि./2026-27** | **दिनांकः- 01.09.2026**

## ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय पत्र संख्या-2520/21-एल.बी.सी.-2025 दिनांक 10-08-2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाप शुल्क के अन्तर्गत वित्त वर्ष 2025-26 की प्राप्त धनराशि की कार्य योजना से विकास/निर्माण कार्य कराना चाहती है। उक्त रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्म से निविदायें दिनांक 02-09-2026 से दिनांक 22-09-2026 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 22-09-2026 तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदाता दिनांक 22-09-2026 की सायं 5:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं। जो दिनांक 23-09-2026 को प्रातः 11:00 बजे समक्ष अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| E-Tender refrence | 137/ET-NPPB/2026-2027 |
| Publish Date and Times for Ref. | 02-09-2026 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Last Date and Times For Submission Of E-Tender | 22-09-2026 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Date and Time Of opening E-Tender | 23-09-2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक। |
| Place Of opening E- Tender | Excutive Officer NPP-Bijnor |
| E- Tender Security | 10% of Tender Value |
| E- Tender Document Processing | As Per E-tender List |

नोटः- बिना धरोहर राशि/टेण्डर मूल्य तथा सम्बंधित दस्तावेज के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्ते भली-भांति जान लें, किसी भी त्रुटि के लिये पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदायें अथवा किसी एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**(रामपाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**(इन्दिरा सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

# जेठ के लड़के ने घर में घुसकर मारपीट की, कार्रवाई नहीं हुई



**खासपुरा ( चिंगारी )।** थाना हल्दौर क्षेत्र के गांव खासपुरा निवासी राजो देवी पत्नी स्वर्गीय नरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को प्रार्थना-पत्र देकर घर में घुसकर मारपीट करने, अभद्रता करने, जान से मारने की धमकी देने तथा पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार 9 जुलाई 2026 की रात करीब 11:30 बजे उसके जेठ का पुत्र रोहित शराब के नशे में उसके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने बारिश के पानी को लेकर विवाद करते हुए पीड़िता और उसके बच्चों के साथ गाली-गलौच व मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर पीड़िता के पुत्रों के साथ भी हाथापाई की गई, जिसमें उसके पुत्र सूरज के सिर पर गंभीर चोट आने की बात कही गई है। प्रार्थना-पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि रोहित ने पीड़िता के पुत्रों को जान से मारने की धमकी दी तथा मोटरसाइकिल को ईंट मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद उसने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, रोहित द्वारा उसके और उसके पुत्रों के खिलाफ कथित रूप से झूठा प्रार्थना-पत्र दिए जाने तथा जेल भिजवाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

# बाढ़ पीड़ितों का धरना जारी, महापंचायत की तैयारी



धरना स्थल पर अपने विचार रखते हुए आभा सिंह।

**चांदपुर ( चिंगारी )।** खादर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा बाढ़ की रोकथाम के लिए गंगा किनारे तटबंध बनाये जाने की मांग को लेकर पांडव नगर पुलिस चौकी के पास दिया जा रहा धरना आज 14वें दिन भी जारी रहा। कल 3 सितम्बर को घरना स्थल पर महापंचायत होगी, जिसमें आगामी रणनीति बनाई जाएगी। धरने पर पहुंची समाजसेविका आभा सिंह को ग्रामीणों ने बाढ़ के कारण क्षेत्र में उत्पन्न हो रही समस्याओं और गंगा के पूर्वी हिस्से में तटबंध नहीं होने से प्रत्येक वर्ष ग्रामीणों की होने वाले फसल के नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभा सिंह ने सभी ग्रामीणों से समस्याओं को गंभीरता से सुना। आश्वासन दिया कि उनकी मांग और समस्या को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। धरने पर बैठने वालों में निखिल त्यागी, रविन्द्र त्यागी, करतार सिंह, सूरजभान सिंह, सुरेश कुमार कश्यप, शिव कुमार शास्त्री, राहुल सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मंदिर में स्थापित की जायेगी राधा-कृष्ण की मूर्ति

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम सौफतपुर के नवनिर्मित मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में कल राधा रानी-श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित की जायेगी। प्राचीन शिव मंदिर की धर्मशाला में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में जन्माष्टमी पर्व के कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। नवनिर्मित मंदिर में राधा रानी-श्रीकृष्ण की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय लिया गया। प्राचीन शिव मंदिर में पहले से ही शिव परिवार की मूर्ति स्थापित है। मुख्य मंदिर के बगल में संतोषी माता मंदिर और हनुमान मंदिर स्थापित हैं। इनके बीच में स्थित नवनिर्मित मंदिर में राधा रानी-श्रीकृष्ण की मूर्ति की स्थापना की जायेगी। आज शाम से स्थापित होने वाली मूर्ति का पूजन आरम्भ किया जायेगा। 3 सितम्बर की सुबह गांव में भव्य कलश यात्रा निकालकर मूर्ति को ग्राम भ्रमण कराया जायेगा। उसके उपरांत मूर्ति को मंदिर में स्थापित कर प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। शाम को महिला कीर्तन और रात्रि में पुरुष कीर्तन का आयोजन होगा। 4 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम धूमधाम से मनाते हुए मटकी फोड़ने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। बैठक में पूर्व फौजी विजय राणा, कपिल राणा, सुभाष सिंह, नैपाल सिंह, वीरेन्द्र प्रजापति, कौशल कुमार, मोहित कुमार, गौरव कुमार, धर्मपाल सिंह, अशोक कुमार, चंचल, विशाल, विजयपाल, प्रियांशु सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक सवार दो युवकों पर गुलदार ने किया हमला

**नूरपुर ( चिंगारी )।** अमरोहा मार्ग पर गुलदार ने बाइक सवार युवकों पर हमला कर उन्हें घायल किया, जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। मंगलवार की देर रात ग्राम शादीपुर बरूकी निवासी युवक मनीष अग्रवाल (25) पुत्र कोमल प्रसाद अपने साथी नीरज कुमार (25) पुत्र मुन्नू के साथ बाइक द्वारा घर वापस लौट रहा था। अमरोहा मार्ग पर गौरक्षाधाम पुलिस चौकी से थोड़ा आगे सड़क किनारे घात लगाए बैठे गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले में दोनों युवक घायल हो गए। राहगीरों द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। घटना की सूचना पर वन दारोगा मुकुल त्यागी भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति के प्रचार पर जोर




**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ, बिजनौर इकाई की कार्यकारिणी की बैठक में आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने और चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान पर मंथन किया गया। बैठक का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की स्तुति और दीप प्रज्वलन से हुआ। संघ के संरक्षक एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति और गौरवशाली धरोहर है। बदलते समय में इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे और सशक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने चिकित्सकों से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने तथा आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्सा का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और चिकित्सकों की समस्याओं के समाधान की रणनीति बनाई गई। नवगठित कार्यकारिणी में डॉ. राकेश कुमार अध्यक्ष, डॉ. नीता आयुर्वेद उपाध्यक्ष, डॉ. राहुल कांत यूनानी उपाध्यक्ष, डॉ. विमल कुमार सचिव, डॉ. विल्सन कोषाध्यक्ष, डॉ. शैलेंद्र आयुर्वेद सह सचिव तथा डॉ. असलम यूनानी सह सचिव चुने गए। डॉ. रंजन वर्मा संरक्षक बनाए गए। अंत में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# दुकानदारों से मिले अनुज मलिक



**छाछरी मोड़ ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के युवा नेता अनुज मलिक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कल शाम छाछरी मोड़ पर दुकानदारों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। वे सभी दुकानदारों से मिले और आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने किसानों के बीच में जाकर उनका भी हाल-चाल जाना और उनकी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखने और उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता प्रवेश चौधरी, कुलबीर सिंह, सुबोध कुमार, सुमित कुमार, कार्मेंद्र तोमर, बिट्टू भाई, सोपाल सिंह, राजेंद्र सिंह आदि रहे।**

# नगर पालिका ने अभियान चलाया, अतिक्रमण हटवाया

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से अनधिकृत रूप से लगे फ्लैक्सी को हटाया गया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों द्वारा किए गए सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण को लेकर संबंधित को चेतावनी दी और अतिक्रमण को हटवाया। मंगलवार को वरिष्ठ लिपिक विशेष उपाध्याय के नेतृत्व में लिपिक रमेश चंद एवं अतुल राज सिंह, कपिल शर्मा शाहज़ेव आलम, गजेंद्र सिंह, सलीम अहमद, फरमान रशीद अहमद, दीपांकर, सहदेव, गौरव त्यागी, विशाल वर्मा आदि ने नहटौर में अक्रिमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया। अनाधिकृत रूप से लगाए गए फ्लैक्सी, बैनर एवं प्रचार सामग्री को भी हटाया।



अतिक्रमण के रूप में लगी फ्लैक्स को उतारते पालिककर्मी।

## नाबालिग से किया बुरा काम, आरोपी को लिया थाम



**नूरपूर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दो दिन पूर्व पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि सागर कुमार पुत्र परवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम राहूनंगली ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गलत काम किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।

# राजा भारतेंद्र ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाये

बिजनौर (चिंगारी)। पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने रावली तटबंध और सड़कों के निर्माण में करोड़ों के भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर सवालिया निशान लगा दिया है। उनका कहना है कि सड़क के लोकार्पण में नारियल नहीं फूटा, सड़क टूट गई। बिजनौर-नगीना रोड पर 20-20 फीट गहरे गड्डे हो गये हैं। रावली तटबंध को जापानी तकनीक से बनाये जाने का दावा किया जा रहा है, जबकि टूटने के कगार पर है। डेढ़ सौ करोड़ रुपये कहां लगे, पता नहीं चला। हालांकि जिलाधिकारी तथा सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने पूर्व सांसद के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है।



पूर्व सांसद के आरोपों से बिजनौर की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। राजा भारतेंद्र सिंह ने हालांकि सदर विधायक का नाम लिये बिना विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये हैं, लेकिन उनके आरोपों को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। एक लोकल यूट्यूबर को दिये इंटरव्यू में भारतेंद्र सिंह ने बाढ़ से बचाव पर हुये खर्च को लेकर गंभीर सवाल उठाये हैं। स्थानीय प्रशासन व सम्बंधित विभागों को घेरते हुए भारतेंद्र सिंह ने खुद अपनी ही सरकार के कार्यों पर सवाल उठाकर राजनीति व प्रशासनिक हलकों में सनसनी फैला दी। उनके इस बयान को बिजनौर विधानसभा क्षेत्र की राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भारतेंद्र सिंह ने गंगा बैराज पर बने तटबंध पर 150 करोड़ रुपये खर्च होने का दावा करते हुए इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा है कि जापानी तकनीक से तटबंध बनाने का दावा किया गया, लेकिन यह तटबंध श्राद्ध शुरू होने से पहले ही टूटने के कगार पर है, जबकि पिछले वर्षों में श्राद्ध के मौके पर तटबंध से रिसाव होता था। इसके साथ ही भारतेंद्र सिंह ने बिजनौर-नगीना रोड के क्षतिग्रस्त होने का मामला उठाते हुए कहा कि सड़क में 20-20 फीट गहरे गड्ढे हो गये हैं। विकास कहां हुआ, हिसाब हमारी समझ से परे है।

हालांकि निर्माण एवं विकास कार्यों पर सवाल उठाते हुए पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह यह भूल गये कि उत्तर प्रदेश में उन्हीं की पार्टी की सरकार चल रही है, जिसका भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस का दावा है।

## बोले- सारी व्यवस्था बिगड़ी हुई है

पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने अपनी ही सरकार को घेरते हुए कहा कि डेढ़ सौ करोड़ की लागत से तो पत्थरों की एक पूरी दीवार बन जाती, हमारा सारा खादर क्षेत्र सुरक्षित हो जाता। उधर, जलीलपुर ब्लॉक में लोग तटबंध के लिये धरने पर बैठे हैं। अगरी में लोग बीमार पड़ रहे हैं। सड़कें बदहाल हैं। सारी व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

## जेन-ज़ी को चुनाव में लाने की वकालत की

पूर्व सांसद ने हालांकि किसी नेता या जनप्रतिनिधि का नाम नहीं लिया। लेकिन उन्होंने कहा कि उनके अलावा बहुत लोग हैं, जो अच्छा काम कर सकते हैं। कोई तो ऐसा व्यक्ति आये, जिसे कॉलोनी काटने से फुर्सत मिले, अपनी बिल्डिंगे बनाने से फुर्सत मिले, अपने नये-नये आवास बनाने से फुर्सत मिले। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधित्व के लिये किसी नये व्यक्ति को लाइये, जेन-जी को लाइये, 26 साल के व्यक्ति जा सकते हैं विधानसभा में, हम डटकर उनका साथ देंगे।

## जिलाधिकारी ने बताया- तटबंध में 46 करोड़ लगे



पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह द्वारा लगाये गये आरोपों को जिलाधिकारी जसजीत कौर तथा सिंचाई खंड-5 के अधिशासी अभियंता करण पाल सिंह ने पूरी तरह खारिज कर दिया है। जिलाधिकारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि गंगा बैराज से लगा करीब डेढ़ किलोमीटर लम्बा तटबंध पिछले सेशन में क्षतिग्रस्त हुआ था। सुरक्षा कार्यों के लिये शासन को 96 करोड़ रुपये के 3 प्रस्ताव शासन को भेजे गये थे। इनमें सबसे संवेदनशील हिस्से के लिये करीब 46 करोड़ रुपये स्वीकृत हुये थे, उसका उपयोग हो चुका है। शेष कार्यों के टेंडर प्रक्रिया में हैं। उधर, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता करणपाल सिंह ने बताया कि विभागीय स्तर पर 94 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत हुये हैं। इनमें लगभग 35 करोड़ रुपये का एसीबीएम कार्य तथा स्टड आदि को मिलाकर 46 करोड़ रुपये के कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

## बंधा पूरी तरह सुरक्षित हो गया है- डीएम

**जिलाधिकारी जसजीत कौर का दावा है कि बंधा पूरी तरह सुरक्षित हो गया है। इसकी जांच भी कराई गई है। लखनऊ से चीफ इंजीनियर के नेतृत्व में टीम आई थी। उन्होंने इसमें संतुष्टि जाहिर की है। कहा है कि अच्छा कार्य हुआ है। शेष 34 करोड़ की धनराशि से मेंटिनेंस के कार्य जल्द ही करा लिये जायेंगे।**



## कांग्रेस कमेटी ने आइरा के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस कमेटी की ओर से नगर के अजमल खां मार्ग पर आइरा इंटरनेशन रिपोर्टर एसोसिएशन के नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी का स्वागत किया गया। कांग्रेस कमेटी के नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष सलाहुद्दीन सैफी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी, हाजी शादाब एडवोकेट आदि ने आइरा के जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस सम्मान के लिए जिलाध्यक्ष अफजाल अंसारी ने कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए जनहित की किसी भी समस्या को अपनी लेखनी व संगठन के माध्यम से उठाने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस नेताओं ने पत्रकारों का काम जोखिम भरा बताते हुए उनकी सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग उठाने की भी बात कही। सलाहुद्दीन सैफी की अध्यक्षता एवं जिशान नजीबाबादी के संचालन में कार्यक्रम में डॉ. आफताब नोमानी, नौशाद मुल्तानी, शहजाद नोमानी, शाकिर कुरैशी, आकिफ हुसैन, नरेंद्र कुमार, खिजर अहमद, मुर्शरफ अली आदि मौजूद रहे।

## सब रजिस्ट्री कार्यालय तहसील कम्पाउंड में शिफ्ट कराने को ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। सब रजिस्ट्री कार्यालय को तहसील कम्पाउण्ड में शिफ्ट करने के लिए बार एसोसिएशन नजीबाबाद ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई की तहसील में सब रजिस्ट्री कार्यालय वर्तमान स्थानीय थाना परिसर में बना हुआ है। जिसे लगभग 63 वर्ष हो गये है, अब वह शहर के बीचो बीच घनी आबादी में आ गया है। जिस कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है तथा बैनामा कराने वाले व्यक्तियों को भी काफी परेशानी होती है। रजिस्ट्री कार्यालय में जगह भी काफी तंग है। नई तहसील कम्पाउण्ड नजीबाबाद में सन 1983 में मुन्सिफ कोर्ट नजीबाबाद में शुरू हुआ तथा तहसील कम्पाउण्ड में सिविल जज जू0डि0 व अपर सिविल जज जू0डि0 के दो न्यायालय सन 1983 से 19 सितम्बर सन 2022 तक सुचारू रूप से चलते रहे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने तीन कक्षीय न्यायालय कम्पाउण्ड हरिद्वार बाईपास मालन नदी के पुल के पास में निर्माण कराया जिसके बाद तहसील कम्पाउण्ड से मुन्सिफ कोर्ट विगत 19 सितम्बर सन 2022 को नव निर्मित तीन कक्षीय न्यायालय हरिद्वार बाईपास स्थित मालन नदी पुल के पास शिफ्ट हो गया है। सब रजिस्ट्री कार्यालय 63 साल पहले जब तहसील नजीबाबाद कोटद्वार रोड पर नये तहसील कैम्पस में शिफ्ट हुई तब तहसील के साथ तहसील कम्पाउण्ड में किसी वजह से शिफ्ट नही हो पाया आज भी 63 साल बीत जाने के बाद भी वही आबादी भरी जगह शहर के बीच में चल रहा है। जबकि सब रजिस्ट्री कार्यालय अधिकतर शहरों में तहसील कैम्पस व कलेक्ट्रेट कैम्पस में स्थित होता है। सब रजिस्ट्री कार्यालय बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन से लगभग 2 किलोमीटर दूर शहर की घनी आबादी वाले मेन बाजार के पास स्थित है। जहां चार पहिया वाहन व ट्रैक्टर ट्राली जाना सम्भव नही होता है। रास्ते में बाजार में जाम लग जाता है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एड. व महासचिव नदीम अहमद एड. के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने मांग की है कि सब रजिस्ट्री कार्यालय को तहसील कम्पाउण्ड में शिफ्ट किया जाये। ज्ञापन देने वालों में अशोक कुमार तोमर, सलीम अहमद, राजेन्द्र कुमार, जावेद कमर सिद्दीकी, मोहम्मद जाफिर हुसैन, आदिल रज़ा, आरिफ कफील, मोहम्मद इरशाद, इमरान अहमद, अंसार अहमद, मोहम्मद आरिफ, विजेंद्र चैहान, अतर सिंह, जावेद इक़बाल, सुभाष, राजीव चैहान, वकील अहमद, सुनील दत्त, इरफ़ान अहमद, ओमप्रकाश, संजय, नन्दराम, इसरार अंसारी, इरशाद रईन, फईम खुर्शीद, बिलाल कुरैशी, गुलज़ार अहमद सहित काफ़ी संख्या में अधिकवक्ता मौजूद रहे।





## लीलन क्लब का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला सब्जीग्राम स्ट्रीट में लीलन क्लब का विधायक हाजी तसलीम अहमद व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने फीता काटकर उद्घाटन किया। क्लब के मालिक अमान सैफी को सभी ने नए क्लब की मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर नवाब अहमद सैफी, महबूब अली, हामिद सैफी, हाजी अब्दुल वाजिद, बिट्टन सैफी, नवेद सैफी, शाहजिम, कारी वाजिद, लक्की सैफी, डॉ. फजलु, फराज आब्दी, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, मौ. आसिफ, सुमित गुप्ता, दीपांशु वर्मा, युवा नगर अध्यक्ष शेर अली, मौ. अय्यूब, मौ. शारिक आदि मौजूद रहे।

## किसान संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया




नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन के मंडल प्रभारी फुरक़ान खां, नवनियुक्त बिजनौर जिलाध्यक्ष जाबिर व देहरादून ग्रामीण जिलाध्यक्ष अतीक अहमद ने कार्यकर्ताओं के साथ बिजनौर पहुंचकर डीएम जसजीत कौर से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर किसान संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम के समक्ष क्षेत्र की कई समस्याएं रखी। डीएम ने जांच कराने के बाद समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर इकराम अंसारी, वसीम मकरानी, आफताब राईन, मौ. शादाब, हाफ़िज़ खलील, गुड्डू, उस्मान अंसारी आदि मौजूद रहे।

# हरिद्वार में मैकडॉनल्ड्स पर खाद्य विभाग की छापेमारी

## सड़े प्याज मिलने पर बिक्री पर रोक, लाइसेंस निलंबन की संस्तुति

हरिद्वार (चिंगारी)। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट और खराब खाद्य सामग्री के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। सिडकुल के पेंटागन मॉल स्थित मैकडॉनल्ड्स आउटलेट में जांच के दौरान कथित तौर पर सड़े और बदबूदार प्याज मिलने पर विभाग ने कार्रवाई की है। टीम ने मौके से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए हैं और मीट प्रोडक्ट, आइसक्रीम व डेजर्ट की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई की गई है।



वहीं आउटलेट के फूड लाइसेंस को निलंबित करने की संस्तुति की गई है। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने फ्लिपकार्ट इंस्टाकार्ट में भी छापेमारी की, जहां दस्तावेज और खाद्य पदार्थों के भंडारण से जुड़े मानकों में कमियां मिलने पर नोटिस जारी किया गया। पिरान कलियर और रुड़की क्षेत्र में भी मिठाई की दुकानों और रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया गया।

जन्माष्टमी से पहले चलाए जा रहे अभियान के तहत जिलेभर से कुल 12 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। विभाग ने साफ किया है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 5 सितम्बर से शुरू होगा देव भूमि खेल यात्रा का दूसरा चरण

### 17 को देहरादून में होगा समापन

कोटद्वार (चिंगारी)। पर्वतीय क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से देवभूमि खेल चेतना यात्रा का दूसरा चरण पांच सितंबर से कोटद्वार से शुरू होगा। खेल जगत फाउंडेशन की पहल पर आयोजित यह यात्रा खेल विभाग, युवा कल्याण विभाग और पर्यटन विभाग के सहयोग से निकाली जाएगी। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से गुजरने के बाद यात्रा 17 सितंबर को देहरादून में संपन्न होगी। फाउंडेशन के संस्थापक एवं यात्रा संयोजक रतन गुप्ता ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य पहाड़ी क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही पलायन, नशे जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। बताया कि यात्रा के दौरान पर्वतीय क्षेत्रों के दूरस्थ इलाकों तक पहुंचकर युवाओं और आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की खेल तथा युवा कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। रतन गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2022 में देवभूमि खेल चेतना यात्रा के पहले चरण का आयोजन उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों में किया गया था। अब वर्ष 2026 में अभियान के दूसरे चरण को पहले से अधिक व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। यात्रा के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को मंच देने और प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

## कानून एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के लिये विधायक डॉ. प्रेमचन्द ने सीओ को निर्देश दिए



ऋषिकेश (चिंगारी)। पुलिस क्षेत्राधिकारी तुषार बोरा ने सोमवार को ऋषिकेश विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से उनके ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में शिष्टाचार भेंट करके क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने विशेष रूप से एम्स ऋषिकेश के बाहर सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण हो रहे अतिक्रमण और यातायात बाधित होने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एम्स में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज और उनके तीमारदार पहुंचते हैं। ऐसे में एम्स के आसपास यातायात व्यवस्था व्यवस्थित रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अव्यवस्थित पार्किंग एवं अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए यातायात को सुचारु रखने पर जोर दिया। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने तथा असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की बात कही। उन्होंने आस्था पथ पर अश्लील हरकतों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए पुलिस को नियमित निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि आस्था पथ की गरिमा बनी रहे और आमजन, महिलाओं एवं परिवारों को सुरक्षित एवं मर्यादित वातावरण मिल सके। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश एक धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना पुलिस एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## मंच का शुद्धिकरण किये जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

कोटद्वार (चिंगारी)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात कार्यक्रम के मंच का हवन कर कथित रूप से शुद्धीकरण किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध दर्ज कराया जाना जारी है। इस क्रम में यमकेश्वर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल रतूड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने यमकेश्वर थाना अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक विचारधाराओं को लेकर मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन किसी राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम के मंच को अशुद्ध बताकर उसका शुद्धीकरण किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी ऐसी मानसिकता का पुरजोर विरोध करती है। कहा कि भारत का लोकतंत्र समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना पर आधारित है। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी व्यक्ति अथवा राजनीतिक विचारधारा को अपमानित करने वाला कोई भी कृत्य समाज में वैमनस्य को बढ़ावा दे सकता है। ज्ञापन में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में महेंद्र देव बड़ोला, हरी प्रसाद केष्टवाल, सहदेव उनियाल, विपिन नेगी, चंद्रपाल सिंह,धनपाल सिंह, विजय सिंह, विशाल सिंह और कृष्णा सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शिकायत के बावजूद प्रशासन ने नहीं दिया ध्यान लोगों ने शुरू किया गड्ढा भरो अभियान

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार की सड़कों पर बने जानलेवा गड्ढों, खतरनाक स्पीड ब्रेकरों और इनके कारण हो रहे सड़क हादसों के बाद अब जनता स्वयं जागरूक होकर आगे आने लगी है। सड़कों की बदहाली और लगातार हो रही दुर्घटनाओं से परेशान स्थानीय लोगों ने अब प्रशासन और संबंधित विभागों का इंतजार करने के बजाय खुद ही सड़कों के गड्ढे भरने का अभियान शुरू कर दिया है। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल के नेतृत्व में युवाओं और स्थानीय लोगों ने ऑपरेशन गड्ढे भरो अभियान के तहत कोटद्वार डिग्री कॉलेज रोड व सिताबपुर रोड़ स्थित दूध की डेयरी के पास वाली सड़क पर बने गड्ढों को भरकर लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया। लोगों का कहना था कि शहर की कई सड़कों की स्थिति खराब होने के कारण दोपहिया वाहन चालक सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं और आए दिन लोगों के गिरने व वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। राम कंडवाल ने कहा कि संबंधित विभागों और सरकार को सड़कों के गड्ढों को जल्द भरना चाहिए। यदि विभाग अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं, तो जनता के सहयोग से कोटद्वार की सड़कों में बने जानलेवा गड्ढों को भरने का कार्य किया जाएगा। कहा कि इस अभियान को ऑपरेशन गड्ढे भरो नाम दिया गया है और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान मनमोहन खंतवाल, विजय, सोहन सिंह, प्रदीप नेगी, हिमांशु बिष्ट और आशीष रावत सहित कई युवा मौजूद रहे।



कोटद्वार की सड़कों पर बने खड्डों को भरते आम जन।

## मोनिका नौगाईं ने उत्तीर्ण की सहायक प्रोफेसर पात्रता परीक्षा

**कोटद्वार (चिंगारी)। राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के संस्कृत विभाग में सहायक आचार्य के पद पर तैनात डॉ. मनोरथ प्रसाद नौगाईं की पुत्री मोनिका नौगाईं ने संस्कृत विषय से असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता परीक्षा पास की है। उसकी इस उपलब्धि पर उनके परिवार जनों और महाविद्यालय में हर्ष की लहर है। मोनिका नौगाईं के पिता डा. मनोरथ प्रसाद नौगाईं ने बताया कि यह परीक्षा इसी वर्ष जून माह में आयोजित की गई थी। वर्तमान में मोनिका गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार में संस्कृत विषय में एम.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा हैं। बताया कि मोनिका ने बीए शास्त्री की शिक्षा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग से ग्रहण की और अपनी मेहनत के दम पर असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता परीक्षा पास की।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# गोद से छूटी डेढ़ साल की बेटी को बचाने नदी में कूद गई मां..

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड के कोटद्वार से आई तस्वीरें बेहद दुखद हैं। एक मां अपनी डेढ़ साल की बच्ची को गोद में लेकर घर लौट रही थी, रास्ते में एक नदी पार करनी थी। मां बच्ची को संभालते हुए आगे बढ़ रही थी, लेकिन तभी कुछ ऐसा हुआ, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। बच्ची अचानक मां की गोद से छूट गई और नदी के तेज बहाव में बहने लगी, मां ने बेटी को बचाने के लिए दौड़ लगा दी। लेकिन नदी का बहाव इतना तेज था कि मां भी उसकी चपेट में आ गई। कुछ ही पलों में दोनों आंखों से ओझल हो गईं। मौके पर मौजूद लोग देखते रह गए। बचाने की कोशिश हुई, लेकिन तेज बहाव के आगे किसी की नहीं चली। ये दर्दनाक हादसा 1 सितंबर को कोटद्वार के स्नेह क्षेत्र की कोल्हू नदी में हुआ। 26 साल की जेनम अपनी डेढ़ साल की बेटी के साथ मायके गई थी, उसका मायका गांव कोट कादरा गंज, बिजनौर में है। वहां से वापस लौटते वक्त उसे कोल्हू नदी पार करनी थी, नदी में पानी का बहाव तेज था। इसी दौरान जेनम की गोद में मौजूद आफिया अचानक उनके हाथ से छूट गई, डेढ़ साल की बच्ची पानी में बहने लगी।



मां ने शायद उस पल कुछ और सोचा ही नहीं, बेटी को बचाने के लिए वह भी नदी की तरफ बढ़ गई, लेकिन नदी किसी की नहीं सुन रही थी। तेज बहाव जेनम को भी अपने साथ बहा ले गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को बचाने की कोशिश की। लोग मदद के लिए आगे आए, लेकिन बहाव इतना तेज था कि दोनों तक पहुंचना मुश्किल था, फिर पुलिस को सूचना दी गई।

कुछ ही देर में स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम ने नदी के आसपास काफी दूर तक तलाश की। परिवार के लोग भी अपनी जान जोखिम में डालकर मां-बेटी को तलाशने की कोशिश करते रहे। काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ और पुलिस को नदी से दोनों के शव बरामद हुए। एक तरफ 26 साल की मां जेनम थी, दूसरी तरफ उनकी महज डेढ़ साल की बेटी आफिया, दोनों की जिंदगी एक साथ खत्म हो गई। हादसे की ख़बर जब परिवार तक पहुंची तो कोहराम मच गया। घर में जिस बच्ची की किलकारियां गूंजती थीं, वहां अब मातम है। जिस मां की गोद में डेढ़ साल की बच्ची सुरक्षित महसूस करती होगी, उसी मां के साथ वह इस दुनिया से चली गई। एक बच्ची मां की गोद से छूटी थी... और उसे बचाने के लिए मां ने अपनी जान लगा दी, लेकिन दोनों को नदी का बहाव अपने साथ ले गया। बरसात के दौरान पहाड़ी नदियों का मिजाज कितनी तेजी से बदल सकता है, ये घटना उसकी भी एक डरावनी तस्वीर है।

**आवश्यकता है**

हल्दौर स्थित फैक्ट्री/ कार्यालय के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / कंप्यूटर एक्सपर्ट की आवश्यकता है।

कार्य- MS EXcel, डाटा एंट्री व कंप्यूटर चलाने का अच्छा ज्ञान रखता हो।

हल्दौर के स्थानीय व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन/विशेष इंसेंटिव की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

-इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404

BANSAL JEWELLERS
विश्वास की परंपरा, शुद्धता का वादा
मुख्य विशेषताएँ
100% हॉलमार्क सर्टिफाइड — केवल HUID हॉलमार्क वाले शुद्ध सोने के आभूषण।
ऑर्डर पर निर्माण — आपकी पसंद के अनुसार बेहतरीन कारीगरों द्वारा कस्टमाइज्ड ज्वेलरी।
सबसे कम दाम की गारंटी — हम गारंटी के साथ आपको पूरी मार्केट से सस्ता और बढ़िया ब्रांडेड माल देंगे।
पारदर्शिता की गारंटी — आपको माल की जो क्वालिटी बताई जाएगी, वही बैठेगी।
लेटेस्ट डिज़ाइन्स — एंटीक, मॉडर्न, लाइटवेट।
गोल्ड टेस्टिंग मशीन उपलब्ध है।
निकट एच.डी.एफ.सी बैंक, धनौरा रोड चाँदपुर (बिजनौर)
M. 9870630930, 9410237050
चांदी का सभी सामान होलसेल रेट पर उपलब्ध है।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर